कोटद्वार, शनिवार
2 मार्च 2024
वर्ष: 45
अंक: 298 पृष्ठ: 8
मूल्य: 2.00
RNI-35469/79

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार
www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल
डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### देश का डिफेंस सेक्टर होगा और ताकतवर, 39125 करोड़ रूपये के पांच अनुबंधों पर हस्ताक्षर

नई दिल्ली ,रक्षा मंत्रालय ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और मेक–इन–इंडिया पहल को बढ़ावा देने के लिए शुक्रवार को 39125 करोड़ रुपये के पांच पूंजी अधिग्रहण अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए। इन अनुबंधों पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह तथा रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने की उपस्थिति में हस्ताक्षर किये गये। पांच अनुबंधों में मैसर्स हिन्दुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड के साथ मिग–29 विमान के एयरो–इंजन के लिए एक अनुबंध, क्लोज–इन वेपन सिस्टम के लिए मैसर्स लार्सन एंड टुब्रो लिमिटेड के साथ दो अनुबंध और ब्रह्मोस मिसाइलों के लिए तथा भारतीय रक्षा बलों के लिए पोत पर तैनात की जाने वाली ब्रह्मोस प्रणाली के लिए मैसर्स ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड के साथ दो अनुबंध शामिल हैं।

ये समझौते भविष्य में स्वदेशी क्षमताओं को मजबूत करेंगे, विदेशी मुद्रा बचाएंगे और विदेशी उपकरण निर्माताओं पर निर्भरता को कम करेंगे। मिग–29 विमानों के आरडी–33 एयरो इंजन के लिए मैसर्स हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के साथ 5249 करोड रुपये की लागत का अनुबंध किया गया।

क्लोज–इन वेपन सिस्टम की खरीद के लिए मैसर्स लार्सन एंड टुब्रो लिमिटेड के साथ 7,668.82 करोड़ रुपये के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए। सीआईडब्ल्यूएस देश के चुनिंदा स्थानों पर टर्मिनल एयर डिफेंस प्रदान करेगा। यह परियोजना भारतीय एयरोस्पेस, रक्षा और एमएसएमई सहित संबंधित उद्योगों की सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा देगी। राडार की खरीद के लिए मैसर्स लार्सन एंड टुब्रो लिमिटेड के साथ 5,700.13 करोड़ रुपये की लागत से अनुबंध पर भी हस्ताक्षर किए गए हैं। यह छोटे रडार क्रॉस सेक्शन लक्ष्यों का पता लगाने में सक्षम परिष्कृत सेंसर के एकीकरण के साथ वायुसेना की क्षमताओं में काफी वृद्धि करेगा।

### जम्मू–कश्मीर के उंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी, मैदानी इलाकों में बारिश

श्रीनगर,जम्मू–कश्मीर के ऊंचे इलाकों में शुक्रवार को बर्फबारी शुरू हो गई, जबकि मैदानी इलाकों में बारिश हुई।मौसम विभाग ने चार मार्च तक केंद्र शासित प्रदेश के ऊंचे इलाकों में भारी से बहुत भारी बर्फबारी की भविष्यवाणी की है।

श्रीनगर में न्यूनतम तापमान 4.5, गुलमर्ग में माइनस 3.2 और पहलगाम में 1.3 डिग्री रहा।लद्दाख क्षेत्र के लेह शहर में न्यूनतम तापमान माइनस 3.1, कारगिल में माइनस 9.4 और द्रास में माइनस 8.5 डिग्री रहा।जम्मू शहर में न्यूनतम तापमान 14.3, कटरा में 11.2, बटोटे में 8.4, भद्रवाह में 6.8 और बनिहाल में 6.6 डिग्री रहा।

### रक्सौल में भारत–नेपाल सीमा से चीनी नागरिक गिरफ्तार

पटना ,बिहार के पूर्वी चंपारण जिले के रक्सौल में भारत–नेपाल सीमा के पास से गुरुवार को एक चीनी नागरिक को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान चीन के हेनान प्रांत के मूल निवासी फेंग जेनशान (57) के रूप में की गई है। जेनशान को आव्रजन और एसएसबी अधिकारियों ने उस समय पकड़ लिया जब वह बिहार में प्रवेश करने की कोशिश कर रहा था।

रक्सौल रेंज के डीएसपी धीरेंद्र कुमार ने कहा, हमने रक्सौल सीमा से एक चीनी नागरिक को गिरफ्तार किया है। चूंकि वह अंग्रेजी नहीं जानता, इसलिए हमें उससे पूछताछ करने में दिक्कत हो रही है। केंद्रीय एजेंसियां भी उनसे पूछताछ कर रही हैं। भारत में प्रवेश करने का उसका मकसद अभी तक पता नहीं चला है।

जांच के दौरान पता चला कि जेनशान के पास वैध वीजा नहीं था। अधिकारियों को उसके मोबाइल फोन में चीनी सरकार द्वारा जारी पासपोर्ट की सॉफ्ट कॉपी मिली, लेकिन उसके पास भारतीय अधिकारियों द्वारा जारी कोई वैध वीजा नहीं था। उसके मोबाइल फोन में नेपाल सरकार द्वारा जारी पर्यटक वीजा की सॉफ्ट कॉपी मिली। वह इसी साल 23 जनवरी को नेपाल आया था। एक अधिकारी के मुताबिक, चीनी नागरिक बस से बीरगंज आया था और बुधवार को रक्सौल बाजार में घूम रहा था।

# मुख्यमंत्री ने 8 लाख 36 हजार 603 लाभार्थियों को भेजी 125 करोड़ की पेंशन

जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास में समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत दी जाने वाली वृद्धावस्था, विधवा एवं दिव्यांग पेंशन का डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने 8 लाख 36 हजार 603 लाभार्थियों को 125 करोड़ रुपए की धनराशि बतौर पेंशन, वन–क्लिक व्यवस्था से भेजी।



वन क्लिक माध्यम से माह फरवरी 2024 की पेंशन में वृद्धावस्था पेंशन के 5 लाख 33 हजार 180 लाभार्थियों को कुल 79.97 करोड़, विधवा पेंशन के 2 लाख 12 हजार 30 लाभार्थियों को 31.80 करोड़ और दिव्यांग पेंशन के 91 हजार 393 लाभार्थियों को 13.70 करोड़ की धनराशि भेजी गई है। इस प्रकार 8 लाख 36 हजार 603 लाभार्थियों को 125 करोड़ रुपए की धनराशि बतौर पेंशन भेजी गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि डीबीटी के माध्यम से दी जाने वाली वृद्धावस्था, विधवा तथा दिव्यांग पेंशन से लाभार्थियों को राहत मिलगी। कहा कि पेंशन एक साथ एक क्लिक में सीधे लाभार्थियों के खातों में जा रही है। राज्य सरकार ने पेंशन योजनाओं को सरल बनाने का कार्य किया है। साथ ही पूर्व में मिलने वाली धनराशि को 1200 से बढ़ाकर 1500 किया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने दोनों बुजुर्ग दंपतियों को पेंशन देने का कार्य भी किया है। जिससे अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व में पेंशन का भुगतान तीन-तीन माह के अंतराल पर होता था, किन्तु अब प्रत्येक माह पेंशन सीधे लाभार्थियों के खाते में आएगी और इस योजना का वास्तविक उद्देश्य पूर्ण हो सकेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार विकलांग जनों को पेंशन देने के साथ ही उन्हें मुख्य धारा से जोड़ने, रोजगार देने एवं उनकी उन्नति के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इस अवसर पर सचिव बृजेश कुमार संत, प्रभारी निदेशक जीआर नौटियाल, उप निर्देशक वासुदेव आर्य, मुख्य वित्त नियंत्रक कमलेश भंडारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी गोवर्धन सिंह सहायक निदेशक हेमलता पांडे, वर्चुअल माध्यम से विभिन्न जिलों एवं ब्लॉकों के पेंशन लाभार्थी व अन्य लोग भी जुड़े थे।

### हर्षिल, गंगोत्री और यमुनोत्री में बर्फबारी, ठिठुरन बढ़ी

उत्तरकाशी : जिले में दो दिन कड़क धूप रहने के बाद शुक्रवार को एक बार फिर मौसम ने करवट बदल ली है। यहां गंगोत्री, यमुनोत्री धाम सहित उपला टकनौर क्षेत्र के हर्षिल घाटी में एक बार फिर बर्फबारी शुरू हो गई है। जबकि जिला मुख्यालय व आसपास के क्षेत्रो में हल्की बारिश हो रही है। जिससे जनपद में एक बार फिर ठिठुरन बढ़ गई है। जिले में शुक्रवार सुबह मौसम ने अचानक करवट बदली और सुबह से आसमान में काले घले बादल छाये रहे। इससे नीचले क्षेत्रों में बारिश व ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी शुरू हो गई है। खराब मौसम के कारण गंगोत्री धाम सहित उपला टकनौर क्षेत्र के हर्षिल, मुखबा,धराली, सुक्की, झाला जसपुर, पुराली सहित यमुनोत्री धाम और खरसाली सहित अन्य ऊंचाई वाले क्षेत्रो में बर्फबारी हो रही है। जिससे ग्रामीणों का जनजीवन एक बार फिर प्रभावित हो गया है। लोग ठंड से बचने के लिए अलाव का सहारा ले रहे हैं। (एजेंसी)

# राजनीतिक दलों को चुनाव आयोग की हिदायत

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव की घोषणा से पहले सक्रिय हुए चुनाव आयोग ने राजनीतिक दलों को इस बात की हिदायत दी है कि चुनाव प्रचार में धर्म, जाति और गलत बयानबाजी से वह दूर रहें। सिर्फ मुद्दों की ही बात करें।

आयोग ने कहा कि इसका पालन न करने पर आदर्श आचार संहिता उल्लंघन को लेकर सख्त कार्रवाई के लिए विवश होना पड़ेगा। आयोग ने इस दौरान राजनीतिक दलों के स्टार प्रचारकों और प्रत्याशियों से प्रचार के दौरान संयमित होकर बोलने की सलाह दी है।

**प्रचार के गिरते स्तर पर जताई चिंता**

आयोग ने इस दौरान प्रचार के गिरते स्तर पर चिंता भी जताई और कहा कि पिछले कुछ चुनावों ने उन्हें यह देखने को मिल रहा था कि राजनीतिक दल मुद्दों की जगह एक–दूसरे के खिलाफ गलतबयानी और समाज में द्वेष फैलाने के लिए भड़काऊबयानबाजी कर रहे थे, जो ठीक परंपरा नहीं है। आयोग ने कहा,




अभिव्यक्ति की आजादी का मतलब तथ्यों के साथ अपनी बात को सही तरीके से रखना होता है। चुनाव प्रचार के दौरान किसी भी गलत बयानबाजी पर आयोग की पैनी नजर है। खासकर उन लोगों पर विशेष नजर रखी जा रही है, जिन्हें पिछले चुनावों में गलत बयानबाजी के चलते ही आदर्श आचार संहिता (टउउ) के उल्लंघन का दोषी पाया गया है। साथ ही उन्हें इस संबंध में नोटिस भी जारी की गई थी। ऐसे में यदि उन्हें दोबारा ऐसी ही गलती का दोषी पाया जाता है,उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# मुस्लिम पक्ष की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में टली सुनवाई

नईदिल्ली,ज्ञानवापी मस्जिद मामले में व्यासजी के तहखाने में पूजा पर रोक लगाने वाली मुस्लिम पक्ष की याचिका पर फिलहाल सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई टल गई है. इसको लेकर सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की बेंच ने कहा है कि वर्तमान मामले को संबंधित मामलों के साथ टैग करने का निर्णय लिया है और इन सबकी साथ में ही सुनवाई की जाएगी. दरअसल वाराणसी मसाजिद इंतजामिया कमेटी ने शुक्रवार को ज्ञानवापी तहखाने में पूजा जारी रखने के हाई कोर्ट के फैसले पर रोक लगाने के लिए शीर्ष अदालत में याचिका दायर की थी. इसी याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई होना थी लेकिन कोर्ट की ओर से सभी मामलों को साथ टैग किए जाने की बात कही गई है.

सुप्रीम कोर्ट ने आयुक्त की नियुक्ति में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया है. इसको लेकर सवोच्च न्यायालय ने साफ कहा है कि केस के संबंध में अंजुमन इंतेजेमिया मसाजिद कमेटी की पिछली



ज्ञानवापी मस्जिद मामला

याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट के सामने निलंबित है. लिहाजा इन सभी मामलों की साथ में ही सुनवाई शुरू की जाएगी.

मुस्लिम पक्ष ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के उस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है जिसमें ज्ञानवापी के व्यास जी तहखाने में पूजा जारी रखने का आदेश दिया गया है. मुस्लिम पक्ष का कहना है कि व्यासजी तहखाने वाला हिस्सा मस्जिद के हक में है और यहां पर किसी भी व्यास परिवार का पूजा करने का अधिकार नहीं है. लिहाजा हाई कोर्ट के फैसले पर रोक लगाई जाए.हालांकि मुस्लिम पक्ष की ओर से दायर याचिका से पहले हिंदू पक्षी की ओर से भी सुप्रीम कोर्ट में एक कैविएट दाखिल की गई थी. इस कैविएट के बाद सुप्रीम कोर्ट इस मामले में किसी भी तरह के फैसले से पहले हिंदू पक्ष की जरूर सुनेगा. हिंदू पक्ष का कहना है कि ज्ञानवापी में पूजा से जुड़ा कोई फैसला अदालत की ओर से लिए जाने से पहले उनका पक्ष जरूर सुना जाए. बता दें कि कोर्ट में सुनवाई के दौरान शुक्रवार को मुस्लिम पक्ष की ओर से हुजैफा ने कहा है कि ये पुराना मामला है और जबकि बाकी याचिकाएं लिस्ट नहीं हुई हैं. इसलिए सभी याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई की जाए. हुजैफा अहमदी ने सवोच्च न्यायालय से सुनवाई टालने की भी मांग की जिसे सुप्रीम कोर्ट ने तुरंत मान लिया.

### पाकिस्तान में 302 नवनिर्वाचित सांसदों ने ली शपथ

इस्लामाबाद , पाकिस्तान की 16वीं नेशनल असेंबली के उद्घाटन सत्र में कुल 302 नवनिर्वाचित सांसदों ने शपथ ली। नेशनल असेंबली सचिवालय की ओर से एक अधिसूचना जारी की गई। नेशनल असेंबली या देश की संसद के निचले सदन के अध्यक्ष राजा परवेज अशरफ ने नवनिर्वाचित सांसदों को शपथ दिलाई। अशरफ ने कहा कि पाकिस्तान के चुनाव आयोग (ईसीपी) द्वारा 336–सदस्यीय सदन में विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों और आरक्षित सीटों से जीतने वाले उम्मीदवारों की कुल 310 अधिसूचनाएं जारी की गई हैं, जबकि शेष अभी भी प्रतीक्षित, रोके हुए या विलंबित हैं। शपथ ग्रहण समारोह के बाद, नयी सरकार के गठन से पहले अगला कदम नेशनल असेंबली के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव है, जो 01 मार्च को होगा। नेशनल असेंबली सचिवालय ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री का चुनाव तीन मार्च को किया जाएगा और नए प्रधानमंत्री का शपथ ग्रहण समारोह भी उसी दिन आयोजित किया जाएगा।

# प्रकृति से जुड़ने का संदेश देती है पुष्प प्रदर्शनी : महाराज

जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : राज भवन में बसंतोत्सव 2024 ह्लसंकल्प से सिद्धि, फूलों से समृद्धि तीन दिवसीय पुष्प प्रदर्शनी का शुक्रवार को राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज एवं गणेश जोशी की उपस्थिति में शुभारंभ किया।

राज भवन में बसंतोत्सव 2024 संकल्प से सिद्धि, फूलों से समृद्धि 1 से 3 मार्च तक चलेगा। इस अवसर पर वहां लगाये गये फूलों के स्टालों सहित जलागम एवं अन्य का निरीक्षण करने के पश्चात कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि हर वर्ष की भांति इस बार भी राजभवन में बसंत के महीने में बसंतोत्सव का आयोजन उत्तराखंड में पुष्प उत्पादन आर्थिकी को मजबूत करने का एक सराहनीय कदम है। उन्होंने कहा कि राज भवन में बसंतोत्सव 2024 ह्लसंकल्प से सिद्धि, फूलों से समृद्धिह्व पुष्प प्रदर्शनी में विभिन्न प्रजाति के फूलों की प्रदर्शनी के साथ-साथ कई



प्रतियोगिताएं भी आयोजित हो रही हैं। पुष्प प्रदर्शनी में प्रदेश ही नहीं बल्कि अन्य राज्यों से भी फूलों के काश्तकार हिस्सा ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के फूल उत्पादकों को इंटरनेशनल लेवल पर पहचान दिलाना है। ताकि इसके जरिए उत्तराखंड के फूल विदेश में भी अपनी पहचान बना सकें। श्री महाराज ने कहा कि उत्तराखंड में पुष्प उत्पादन आर्थिकी को मजबूत करने का एक बड़ा स्त्रोत हो सकता है। साथ ही इस प्रकार का आयोजन जन-जन को प्रकृति से जुड़ने का भी संदेश देता है।

# पीएम मोदी पश्चिम बंगाल और बिहार को देंगे 56000 करोड़ से ज्यादा की सौगात

नईदिल्ली,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी झारखंड के दौरे के बार पश्चिम बंगाल और बिहार भी जाएंगे. पीएम मोदी बिहार और पश्चिम बंगाल को 56000 करोड़ से ज्यादा की विकास परियोजनाओं का तोहफा देंगे. इसके साथ ही ममता के गढ़ में एक विशाल जनसभा को भी संबोधित करेंगे. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऐसे समय में पश्चिम बंगाल जा रहे हैं. जब राज्य सरकार संदेशखाली की घटना को लेकर चारों ओर से घिरी हुई है. ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने जनसभा के माध्यम से ममता सरकार पर तीखा वार करते नजर आएंगे. जिससे लोकसभा चुनाव में बीजेपी को फायदा मिलेगा.



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सबसे पहले शुक्रवार को झारखंड पहुंचेंगे. जहां वह धनबाद में 35,700 करोड़ की कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे. इसके बाद वह पश्चिम बंगाल जाएंगे. जहां पीएम मोदी कल (शनिवार) को 22,000 करोड़ से ज्यादा के डेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स को राष्ट्र को समर्पित करेंगे. वहीं बिहार में एनडीए सरकार के गठन के बाद पीएम मोदी पहली बार राज्य के दौरे पर होंगे. इस दौरान वह बिहार में 34,800 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे.चुनावी साल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर राज्य को विकास परियोजनाओं का तोहफा दे रहे हैं. शुक्रवार को वह पश्चिम बंगाल पहुंचेंगे. अपनी दो दिवसीय बंगाल यात्रा के दौरान पीएम मोदी पहले दिन हुगली के आरामबाग में 7200 करोड़ की परियोजनाओं की नींव रखेंगे. वहीं कल यानी शनिवारको नादिया जिले के कृष्णानगरम में 15000 करोड़ की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे. पश्चिम बंगाल इकाई के प्रमुख सुकांत मजूमदार ने कहा कि प्रधानमंत्री के आने पर लाखों स्थानीय लोग जनसभा में शामिल होंगे. पीएम मोदी उत्तर 24 परगना जिले का भी दौरा करेंगे. उनका ये दौरा इसलिए भी अहम माना जा रहा है क्योंकि संदेशखाली में कई स्थानीय महिलाओं ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता शाहजहां शेख पर उत्पीडऩ के आरोप लगाए हैं.

### रेप मामले में दोषी आसाराम बापू को सुप्रीम कोर्ट से नहीं मिली राहत, मांगी थी जमानत

नईदिल्ली, रेप के मामले में सजा काट रहे आध्यात्मिक गुरु आसाराम बापू को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिली है। उन्होंने कोर्ट के समक्ष सजा पर रोक लगाने और जमानत की मांग की थी।सुप्रीम कोर्ट ने उनकी याचिका को ठुकराते हुए उन्हें जमानत के लिए राजस्थान हाई कोर्ट जाने के लिए कहा है। साथ ही कोर्ट ने राजस्थान हाई कोर्ट से मामले मे जल्द सुनवाई को कहा।आसाराम ने चिकित्सा के आधार पर अंतरिम जमानत मांगी थी। आसाराम के वकील ने सुनवाई के दौरान कोर्ट से कहा था कि उनके मुवक्किल को महाराष्ट्र में हिरासत के दौरान आयुर्वेदिक उपचार देने की अनुमति दी जाए। इस पर कोर्ट ने यह मांग भी राजस्थान हाई कोर्ट के समक्ष दायर करने को कहा है।बता दें, आसाराम बापू ने इससे पहले सितंबर 2023 में भी सुप्रीम कोर्ट से जमानत मांगी थी, जिसे अस्वीकार कर दिया गया था।।

महादेव सट्टा ऐप मामले में ईडी का बड़ा एक्शन

# 580 करोड़ रुपए किए फ्रीज

रायपुर , प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने महादेव ऐप से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बड़ी कार्रवाई की है। एजेंसी ने छापेमारी के बाद दुबई स्थित हवाला ऑपरेटर की 580 करोड़ से अधिक रुपए फ्रीज किए हैं। इसके अलावा 3.64 करोड़ की नकदी और कीमती सामान भी जब्त कर लिया है। यह छापे 28 फरवरी को कोलकाता, गुरुग्राम, दिल्ली, इंदौर, मुंबई और रायपुर के कई ठिकानों पर मारे गए थे। इस मामले में अब तक 1200 करोड़ से ज्यादा की संपत्ति का खुलासा हो चुका है। मामले में अब तक 9 लोगों की गिरफ्तारी की जा चुकी है।

ईडी की इस पूरी कार्यवाही और लगातार जांच में यह पता चला है कि कथित 6000 करोड़ रुपए के महादेव ऑनलाइन सट्टा ऐप का संचालन दुबई से किया जा रहा है। यह खेल पिछले कई सालों से चल रहा है। दुबई से चलने का



मुख्य उद्देश्य जांच एजेंसियों की रडार से बचना है। इस ऑनलाइन सट्टे को अलग–अलग फ्रेंचाइजी के माध्यम से देश भर में चलाया जा रहा है। ईडी की जांच में पता चला है कि छोटी–छोटी वेबसाइट को फ्रेंचाइजी देकर महादेव सट्टा का अवैध कारोबार चल रहा है। जिसमें रेड्डीअन्ना, फेयरप्ले जैसी साइट की जानकारी इस रेड से बाहर निकल कर आई है।

# मदद की आस में एकत्र हुए फिलस्तीनियों पर इजरायल की बड़ी एयर स्ट्राइक, 104 लोगों की मौत

काहिरा ,गाजा में युद्धविराम की कोशिशों के बीच इजरायल के हमले जारी हैं। गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों ने आरोप लगाया कि गाजा शहर में मदद की आस में एकत्रित हुए फिलस्तीनियों पर इजरायली ने एक बार फिर से एयर स्ट्राइक कर दी। इस हवाई हमले में 104 लोग मारे गए हैं और 280 लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने कहा, इजरायल–हमास जंग शुरू होने के बाद से अब तक 30,035 फिलस्तीनी मारे जा चुके हैं, जबकि 70,457 लोग घायल हुए हैं। इजरायल के प्रवक्ता ने गाजा के अधिकारियों के आरोप को खारिज करते हुए कहा कि जिस स्थान पर घटना की बात कही जा रही है वहां किसी तरह की गोलाबारी नहीं हुई है। वहीं, फिलस्तीनी अधिकारियों ने कहा कि एक अस्पताल ने कहा कि वहां 10 लोगों के शव ले जाए गए। सात अक्टूबर के हमास हमले के बाद इजरायल के हवाई, समुद्री व जमीनी हमले का सबसे अधिक प्रभाव गाजा सिटी और उत्तरी गाजा के आसपास के क्षेत्र में रहा है। लगातार हमलों की मार से तीन चौथाई आबादी विस्थापन का शिकार हो गई।

वहीं, संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक, गाजा की 23 लाख की आबादी में से एक चौथाई भुखमरी का शिकार है। इस बीच, यूएन के मानवाधिकार प्रमुख वोल्कर टर्क ने जेनेवा में यूएन ह्यूमन राइट काउंसिल में गुरुवार को कहा कि इजरायल–हमास युद्ध के दौरान सभी पक्षों ने युद्ध अपराध किए गए हैं।

### सुको ने की सांसदों, विधायकों की डिजिटल निगरानी की मांग वाली जनहित याचिका खारिज

नई दिल्ली,बेहतर पारदर्शिता के लिए सभी निर्वाचित सांसदों और विधायकों की गतिविधियों की डिजिटल निगरानी की मांग करने वाली जनहित याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को सुनवाई करने से इनकार कर दिया।

सीजेआई डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा, देश के सभी सांसदों और विधायकों की हम निगरानी नहीं कर सकते। निजता का अधिकार नाम की भी कोई चीज़ है। वे जो करते हैं उसकी निगरानी के लिए हम उनके पैरों या हाथों पर कुछ (इलेक्ट्रॉनिक) चिप्स नहीं लगा सकते।

सभी विधायकों की चौबीस घंटे सीसीटीवी निगरानी के लिए दायर की गई याचिका पर आश्चर्य व्यक्त करते हुए पीठ ने कहा कि निर्वाचित प्रतिनिधियों का भी अपना निजी जीवन है।

# अखिलेश को उंची जातियों व पीडीए के खेमों से करना पड़ रहा आलोचना का सामना

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव मुश्किल में फंस गए हैं। ओबीसी, दलितों और अल्पसंख्यकों पर उनकी रणनीति का उलटा असर हुआ है और ऊंची जातियों और पीडीए वर्गों ने उन पर तीखे हमले किए हैं। हाल के राज्यसभा चुनावों में क्रॉस वोटिंग करने वाले सपा के सात विधायकों में से पांच ऊंची जातियों के थे। इनमें से तीन ब्राह्मण व दो ठाकुर थे। उनकी शिकायत थी कि समाजवादी पार्टी ने समावेशिता की नीति छोड़ दी है। ब्राह्मण विधायकों में से एक ने कहा, पीडीए हमारे लिए कोई जगह नहीं छोड़ता। जिस तरह से स्वामी प्रसाद मौर्य ने सनातन धर्म की आलोचना की और अखिलेश यादव ने इस मुद्दे पर चुप्पी साधे रखी, उससे पता चलता है कि उन्होंने मौर्य की आलोचना को अपनी सहमति दे दी। पार्टी लाइन के खिलाफ जाकर गुरुवार को अयोध्या में राम मंदिर का दौरा करने वाले विधायकों में से एक, मनोज पांडे ने कहा, अधिकांश विधायक मुख्यमंत्री के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल के



साथ अयोध्या जाना चाहते थे। हमें लगा कि मंदिर का दौरा पार्टी लाइन से ऊपर होना चाहिए, लेकिन हमारे नेताओं ने न जाने का फैसला किया और हमें इसका पालन करना पड़ा। ऊंची जाति के विधायकों के साथ ही ओबीसी नेता भी पीडीए के फॉर्मूले पर सवाल उठा रहे हैं। पार्टी विधायक पल्लवी पटेल ने राज्यसभा के लिए उम्मीदवारों के चयन की आलोचना की और कहा, जया बच्चन और आलोक रंजन जैसे उम्मीदवारों के चयन में पीडीए कहां है। बाद में वह मान गईं, लेकिन उन्होंने अपना वोट दलित रामजी लाल सुमन को दिया। स्वामी प्रसाद मौर्य ने सपा छोडऩे के बाद भी कहा कि सपा सही मायनों में पीडीए का पालन नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि अखिलेश समाजवाद और धर्मनिरपेक्षता के रास्ते से भटक गए हैं। सपा के पूर्व सहयोगी सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (एसबीएसपी) के अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर बार–बार अखिलेश की आलोचना करते रहे हैं और उन पर पीडीए के फॉर्मूले को महज नारे के रूप में इस्तेमाल करने का आरोप लगाते रहे हैं।

# भेड़ व ऊन विकास बोर्ड ने किया ऊन क्रेता–विक्रेता सम्मेलन का आयोजन



ऋषिकेश। भेड़ व ऊन विकास बोर्ड की ओर से शुक्रवार को बैराज मार्ग स्थित पशुपालन विभाग के परिसर में ऊन क्रेता–विक्रेता सम्मेलन का आयोजन किया। जिसमें विशेषज्ञों द्वारा भेड़ पालकों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्हें भेड़ो के ऊन की गुणवत्ता को सुधारने हेतु प्रोस्ताहित किया। ऊन उत्पादको व क्रेताओं को सुविधा प्रदान करने के लिए ई–ऊन पोर्टल का शुभारंभ भी किया गया। उत्तराखण्ड भेड़ एवं ऊन विकास बोर्ड के संयुक्त निदेशक डॉ. आरएस नितवाल ने कहा कि ई–ऊन पोर्टल के माध्यम से राज्य के समस्त भेड़ पालक अपने ऊन उत्पाद को देश के सभी ऊन क्रेताओं के लिए उपलब्ध करा कर उचित मूल्य प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने राज्य के भेड़ बकरी पालकों के हित में संचालित समस्त योजनाओं के बारे में जानकारी दी। कहा कि मेढ़ा वितरण कार्यक्रम के तहत राज्य सरकार द्वारा राज्य के भेड़ पालकों की भेड़ों में नस्ल सुधार के लिए 80 प्रतिशत अनुदान में आस्ट्रेलिया से आयातित मैरीनों नस्ल के शुद्ध प्रजाति एवं शंकर प्रजाति के उच्च प्रजाति के नर मेढ़े वितरित किये जा रहे हैं।

## चकराता में व्यापारियों ने बाजार बंद कर कैंट प्रशासन के खिलाफ हल्ला बोला

विकासनगर( । चकराता बाजार में शुक्रवार को कैंट बोर्ड के खिलाफ व्यापारियों और स्थानीय लोगों ने प्रदर्शन किया। बोर्ड पर व्यापारियों और जनता के शोषण का आरोप लगा आक्रोश रैली निकाल बाजार बंद रखा। व्यापारियों ने कहा कि समस्याओं का समाधान होने पर ही बाजार खोला जाएगा।

शुक्रवार सुबह कैंट बोर्ड की एक टीम बस स्टैंड स्थित एक दुकान के पीछे के हिस्से को अतिक्रमण बता उसे तोड़ने पहुंची। बोर्ड की कार्रवाई की सूचना मिलते ही व्यापारी एकत्र होना शुरू हो गए। व्यापारियों ने प्रतिष्ठानों के शटर गिराकर छावनी बाजार में प्रदर्शन किया। छावनी बाजार से व्यापारी आक्रोश रैली निकाल कर कैंट बोर्ड कार्यालय पहुंचे। कार्यालय पर प्रदर्शन कर रहे व्यापारियों ने आरोप लगाया कि कैंट प्रशासन उनका और आम जनता का उत्पीड़न कर रहा है।



## मायापुर व्यापार मंडल के महेश अध्यक्ष सुनील बने महामंत्री

हरिद्वार। मायापुर व्यापार मंडल के अध्यक्ष, महामंत्री और कोषाध्यक्ष पद के लिए 113 व्यापारियों ने मतदान किया। तीनों ही पदों पर दो–दो प्रत्याशी मैदान में थे। अध्यक्ष पद पर महेश वैश्य महामंत्री पद पर सुनील मनोचा और कोषाध्यक्ष पद पर मयूर उप्रेती विजयी रहे। मायापुर व्यापार मंडल के चुनाव अधिकारी शेखर कुर्ल ने बताया कि अध्यक्ष पद पर महेश वैश्य को 73 और उनके प्रतिद्वंदी मोहित मल्होत्रा को 35 वोट पड़े, जबकि पांच वोट निरस्त हुए। महामंत्री के पद पर सुनील मनोचा ने अपने प्रतिद्वंदी को दस मतों के से हराया। कोषाध्यक्ष पद पर मयूर उप्रेती को 67 और अमन आहुजा को 42 मत मिले।

# नशीला पदार्थ पिलाकर दोस्त की पत्नी से दुराचार का आरोप

रुड़की। विदेश में नौकरी करने के लिए गए दोस्त की पत्नी को एक युवक द्वारा नशा पिलाकर दुराचार किया गया। यही नहीं आरोपी के दोस्त द्वारा अश्लील वीडियो क्लिप तैयार की गई। जिसे दिखाकर आरोपी पीड़िता को लगातार ब्लैकमेल करता रहा तथा उससे लाखों रुपये भी वसूल लिए। मानसिक रूप से परेशान होकर पीड़िता ने अब पुलिस को तहरीर दी है।

जिसके आधार पर पुलिस ने मुख्य आरोपी सहित दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कार्यवाही शुरू की है। पीड़ित महिला को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है। शहर चौकी क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी एक विवाहिता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका पति करीब तीन वर्ष पूर्व सऊदी अरब में नौकरी करने के लिए चला गया था। एक युवक उसके पति के साथ अक्सर घर आता जाता था। पति के विदेश जाने के बाद युवक उसके घर ज्यादा ही आने–जाने लगा। ऐसे में महिला ने युवक को घर आने से मना कर दिया।

इसके बाद युवक घर आना बंद कर दिया था। पीड़िता का कहना है कि एक अगस्त 2023 को उसका पति विदेश से आकर वापस चला गया। जब उसका पति यहां पर रहता तब भी आरोपी युवक उसके घर आने जाने लगा। पीड़िता का कहना है कि 15 अगस्त को आरोपी कुछ सामान लेकर एक अन्य युवक के साथ उसके घर आया। जिसमें रियल जूस तथा कुछ फल आदि शामिल थे। घर में बैठकर उसके द्वारा उसे तथा अपने साथी को गिलास में जूस बनाकर दिया गया। जूस पीने के बाद वह नशे में हो गई। आरोपी ने उसके बेहोश होने का लाभ उठाकर उसको निर्वस्त्र कर डाला तथा उसके साथ दुराचार किया। यही नहीं उसके साथ आए युवक ने उसकी अश्लील वीडियो क्लिप तैयार कर ली।

बाद में आरोपी ने उसे वीडियो क्लिप दिखाकर सोशल मीडिया पर डालने की धमकी देते हुए उसके साथ लगातार दुराचार किया। उसे डरा धमका कर उसे ढाई लख रुपये भी ले लिए। उसके बावजूद आरोपी उसे लगातार प्रताड़ित करता रहा। इंस्पेक्टर अमरचंद शर्मा ने बताया कि पीड़िता द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर नामजद किए गए आरोपी शकील तथा एक अन्य अज्ञात आरोपी के खिलाफ दुराचार तथा अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू की गई है।

## आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस की विकास यात्रा पर चर्चा की

विकासनगर। वीर शहीद केसरी चंद राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय डाकपत्थर भौतिकी विभाग में शुक्रवार से दो दिवसीय कार्यशाला की शुरुआत हुई। कार्यशाला में विज्ञान, गणित की पुरातन और आधुनिक तकनीक पर चर्चा की गई। कार्यशाला के संयोजक डॉ. विनोद रावत ने आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) के लिए पुरातन विज्ञान के शोध पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि एआई कंप्यूटर सिस्टम द्वारा मानव खुफिया प्रक्रियाओं के अनुकरण से संबंधित है। यह ऐसी मशीनें बनाने पर केंद्रित है जो ऐसे कार्यों को पूरा कर सकते हैं, जिन्हें आम तौर पर मानव प्रयास की आवश्यकता होती है। कंप्यूटर विज्ञान के सेवानिवृत्त प्राध्यापक जॉन मैक्कार्थी ने 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता वाक्य की शुरुआत की।

## मानवीय स्पर्श और आत्मियता के साथ मरीजों की देखरेख जरूरी

ऋषिकेश। एम्स ऋषिकेश में नर्सिंग इंफॉर्मेटिक्स एक आगामी प्राथमिकता विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें विशेषज्ञों ने स्वास्थ्य देखभाल सेटिंग्स में प्रौद्योगिकी के लाभों और सीमाओं पर जोर दिया। शुक्रवार को कॉलेज ऑफ नर्सिंग परिसर में आयोजित कार्यशाला का उद्घाटन संस्थान की डीन एकेडमिक्स प्रो. जया चतुर्वेदी, एमएस प्रो. आरबी कालिया, प्रिंसिपल नर्सिंग प्रो. स्मृति अरोड़ा ने किया।



प्रो. जया चतुर्वेदी ने स्वास्थ्य देखभाल सेटिंग्स में प्रौद्योगिकी के लाभों और सीमाओं पर जोर दिया और मरीजों की देखभाल करते समय मानवीय स्पर्श और आत्मीयता के साथ देखरेख किए जाने की आवश्यकता बताई। एम्स अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक प्रो. आरबी कालिया ने मरीजों के इलाज के दौरान एकत्र किए गए डेटा के महत्व पर जोर दिया और कहा कि हम मरीजों के लाभ के लिए एकत्रित डेटा को किस तरह से उपयोग में ला सकते हैं। कहा कि कोविड–19 ने देश में और खासतौर से स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में डिजिटलीकरण प्रक्रिया को और बढ़ाया है। नर्सिंग प्राचार्य प्रो. स्मृति अरोड़ा ने नर्सिंग में उपयोग की जाने वाली कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे रोबोट नर्स, स्मार्ट घड़ियां, अलार्म सिस्टम, गेमिफिकेशन, चैट जीपीटी और पहनने योग्य प्रौद्योगिकियों के कुछ उदाहरण साझा किए। मौके पर सतीश, नागा श्रीकांत दरला, मेटिल्डा चिट्टिनापिली जोस, डॉ. मेधा वर्मा, विनीत कुमार, दीपिका कांडपाल, संदीप कुमार सिंह, राखी मिश्रा, डॉ. राजेश कुमार, डॉ. मलारकोडी, डॉ. मनीष शर्मा, डॉ. राजराजेश्वरी, विद्या आदि उपस्थित रहे।

## क्रीड़ा प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

ऋषिकेश। राजकीय महाविद्यालय डोईवाला में चल रही दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया। शुक्रवार को प्रतियोगिता के समापन के बाद विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। शुक्रवार को डोईवाला महाविद्यालय में विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं हुईं, जिसके बाद परिणाम घोषित किए गए। प्राचार्य डीसी नैनवाल ने बताया कि भाला फेंक के बालिका वर्ग में सृष्टि, प्रियंका, प्रीति, बालक वर्ग में गौरव रौतेला, सिद्धार्थ नेगी, सुमित रावत, गोला फेंक के बालिका वर्ग में निधि रावत, मनीषा थापा, आरती, बालक वर्ग में गौरव रौतेला, अश्मित चौहान, विपिन पायल, चक्का फेंक के बालक वर्ग में आयुष प्रथम, गौरव रौतेला व विपिन सिंह पायल, बालिका वर्ग में निधि रावत, कल्पना व पायल ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। लंबी कूद बालिका वर्ग में प्रियंका, आरती, निशा पुंडीर, बालक वर्ग में अमन कुमार लोधी, मोहित ममगाई, कार्तिक लोधी, 800 मीटर दौड़ बालिका वर्ग में कविता पुंडीर, सुशीला, प्रियंका रावत, बालक वर्ग में रकीब, सुमित रावत व अमन थापा, 200 मीटर दौड़ बालक वर्ग में अमन थापा, अमन कुमार लोधी, अमन, छात्रा वर्ग में कविता पुंडीर, पायल, नेहा राणा ने क्रमश. प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। समापन अवसरन पर मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख भगवान सिंह पोखरियाल ने विजेताओं को ट्राफी व मेडल देकर पुरस्कृत किया। मौके पर प्रो. रवि, कीड़ा प्रभारी पूनम रावत, डॉ. राखी पंचोला, डॉ. नूर हसन आदि उपस्थित रहे।

## निगम प्रशासन से क्षेत्र के नालों की सफाई करने की मांग

ऋषिकेश। गीतानगर क्षेत्र में नालों की सफाई नहीं होने से क्षेत्रवासी परेशान हैं। क्षेत्रवासियों ने नगर निगम प्रशासन से क्षेत्र के नालों की सफाई करने की मांग की। शुक्रवार को गीतानगरवासियों ने नगर निगम कार्यालय पहुंचकर मुख्य नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि नगर निगम ऋषिकेश के वार्ड संख्या 33 गीताननगर के मुख्य मार्ग पर पानी की निकासी के लिए एक नाला बना हुआ है। यह नाला कच्चा है, जिससे पानी की उचित निकासी नही हो पाती है। उसमें काफी समय से कचरा जमा हुआ है। उक्त नाले में कचरा जमा होने के कारण सारा पानी मुख्य मार्ग पर एवं उसके निकट स्थित घरों में घुस जाता है, जिससे आम जनता को आने–जाने एवं अन्य कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा यहां एक नाला मुख्य मार्ग पर नगर निगम प्रशासन द्वारा बनाया गया था, जिसकी आज तक कभी भी सफाई नहीं की गई तथा निकासी न होने के कारण पानी जमा हो जाता है। जिससे क्षेत्र में संक्रमण का खतरा बना हुआ है। नगर आयुक्त शैलेंद्र सिंह ने अधिनस्थ अधिकारियों को क्षेत्र में नाले की सफाई करवाने के निर्देश दिए। मौके पर दिनेश रावत, विजेन्द्र कपरूवान, रामद बड़थ्वाल, अनीता भट्ट, विजय जुगलान, राकेश रतूड़ी, बीना रावत, अनीता, अंजू चौहान, अनीता, सतपाल नेगी, संदीप यादव, सूर्यप्रकाश भट्ट आदि उपस्थित रहे।

## नशे का अवैध कारोबार देश की सुरक्षा के लिए खतराः नवप्रभात

विकासनगर। विकासनगर रोड से शुरु हुआ जनसंपर्क अभियान, पांवटा रोड, सहारनपुर रोड, देहरादून रोड स्थित आवासीय बस्तियों में पहुंचा। पूर्व मंत्री नवप्रभात ने कहा कि मादक पदार्थों के कारोबारी युवाओं और श्रमिकों को निशाना बना रहे हैं। मां बाप अपने बच्चों को शिक्षा के लिए उच्च शिक्षण संस्थानों में भेज रहे हैं, लेकिन वहां उन्हें नशे की लत पड़ रही है। शिक्षण संस्थानों के अंदर तक नशे के कारोबारी अपनी पहुंच बना चुके हैं। उन्होंने कहा कि सरकार नशे के मुद्दे को गंभीरता से नहीं ले रही है, जिससे हजारों युवाओं का भविष्य बर्बाद हो रहा है। पूर्व मंत्री ने कहा इस सच से सभी को परिचित होना चाहिए कि नशीले पदार्थों का अवैध कारोबार करने वाले केवल युवाओं को नशे का लती बनाकर उनके और साथ ही देश के भविष्य को ही चौपट नहीं कर रहे हैं।

## आशा फेसीलेटर व कार्यकत्रियों का अस्पताल में प्रदर्शन

ऋषिकेश। आशा फेसीलेटर और कार्यकर्ताओं का गुस्सा शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ फूट पड़ा। आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने राजकीय चिकित्सालय ऋषिकेश में मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। नाराज कार्यकर्ताओं ने पोलियो अभियान के दौरान मात्र 100 रुपए प्रतिदिन पारिश्रमिक दिए जाने पर नाराजगी जताई। उन्होंने अभियान के दौरान 500 रुपए प्रतिदिन मेहनताना नहीं दिए जाने की मांग की। मांग स्वीकार नहीं होने पर 3 से 9 मार्च तक चलने वाले पल्स पोलियो अभियान में कार्य नहीं करने का भी ऐलान किया।

शुक्रवार को आशा फेसीलेटर और आशा कार्यकर्ताओं ने राजकीय चिकित्सालय ऋषिकेश में प्रदर्शन करते हुए कहा कि वर्ष 2006 से आशा फेसीलेटर और कार्यकर्ता भारत सरकार के पल्स पोलियो अभियान में अपनी भागीदारी कर अभियान को सफल बनाने का कार्य कर रहे हैं, लेकिन अभी तक आशाओं को इस कार्य के लिए 100 रुपए प्रतिदिन मानदेय दिया जाता है, जबकि वर्तमान समय में मजदूरों की मजदूरी 800 रुपए हो गई है। कहा कि अब 3–9 मार्च तक पल्स पोलियो अभियान चलना है। अगर इस अभियान के दौरान आशा फेसीलेटर और कार्यकर्ताओं को 500 रुपए प्रतिदिन मानदेय नहीं दिया गया तो कार्य नहीं किया जाएगा।

# सनगांव के ग्रामीण लोकसभा चुनाव का करेंगे बहिष्कार

ऋषिकेश। डोईवाला विधानसभा के सनगांव में सड़क नहीं होने से ग्रामीण परेशान हैं। ऐसे में ग्रामीणों ने लोकसभा चुनाव के बहिष्कार का एलान किया है, जिसको लेकर शुक्रवार को तहसीलदार ग्रामीणों के पास पहुंचे और उन्हें समझाया, लेकिन ग्रामीण अपने मांगों पर अड़े रहे। बीते लंबे समय से सनगांव के ग्रामीण क्षेत्र में पक्की सड़क की मांग कर रहे हैं।



मगर अभी तक ग्रामीणों को पक्की सड़क की सौगात नहीं मिल पाई है। अब सनगांव के ग्रामीणों ने अपने गांव की सीमा पर सड़क नहीं तो वोट नहीं, लोकसभा चुनाव 2024 पूर्ण बहिष्कार का बैनर लगा दिया है, जिसके बाद शुक्रवार को डोईवाला तहसीलदार चमन सिंह सनगांव पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया और उनको जल्द सड़क बनवाने का आश्वासन दिया। मगर ग्रामीणों के उनके आश्वासन को अस्वीकार कर दिया। ग्राम प्रधान हेमंती रावत ने बताया कि ग्रामीण पिछले लंबे समय से सूर्याधार पुल से सन गांव 4 किलोमीटर मार्ग के डामरीकरण, सनगांव नाही कला 8 किलोमीटर मार्ग निर्माण, ढटोली बैंड से रानीखेत 1 किलोमीटर मार्ग निर्माण की मांग कर रहे हैं, लेकिन सरकार द्वारा ग्रामीणों की आवाज नहीं सुनी जा रही है। बरसात के समय में ग्रामीणों का शहर से संपर्क टूट जाता है। जिसके चलते गांव से ग्रामीण पलायन कर रहे हैं। जो नेता हमारे गांव में वोट मांगने आएगा, उनको गांव की सीमा से वापस भेजा जाएगा। जब तक हमारी सड़क नहीं बनेगी, तब तक हम वोट का बहिष्कार करते रहेंगे।

# युवक को गिरफ्तार कर गोवंश मुक्त कराया

रुड़की। छोटे वाहन में क्रूरता पूर्वक गोवंश को ले जाये जाने की सूचना पर गोवंश संरक्षण स्क्वाड द्वारा कार्रवाई करते हुए गोवंश को मुक्त कराया गया। मौके से एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

जबकि दो अन्य आरोपी मौके से फरार हो गए। आरोपियों के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई है। उत्तराखंड गोवंश संरक्षण स्क्वाड गढ़वाल परिक्षेत्र के उप निरीक्षक शरद सिंह अपनी टीम के साथ क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाए हुए थे। मुखबिर द्वारा सूचना दी गई की नहर पटरी मार्ग से एक वाहन में गोवंश को लेकर कुछ लोग निकलने वाले हैं। जिसके बाद पुलिस ने चेकिंग अभियान शुरू किया। कुछ देर के बाद मुखबिर द्वारा बताए गए हुलिये का वाहन पुलिस को आता दिखाई दिया। पुलिस ने वाहन को रुकने का इशारा किया तो चालक ने वहां की गति को और बढ़ा दिया। पुलिस ने पीछा कर कुछ दूरी पर उसे पकड़ लिया। दो आरोपी वहां से कूद कर खेतों के रास्ते फरार हो गए।

जबकि चालक को पुलिस ने दबोच लिया। वाहन में चार गोवंश को क्रूरता पूर्वक भरा गया था। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह गोवंश को कोतवाली क्षेत्र के गांव जैनपुर झंझेडी ले जा रहा था। आरोपी ने अपना नाम मानु निवासी ग्राम टांडा भंनेड़ा बताया। उपनिरीक्षक शरद सिंह की तहरीर पर पुलिस ने एक नामजद व दो अन्य अज्ञात आरोपियों के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू की है।

# बारात में गए सरकारी स्कूल के शिक्षक को युवक ने पीटा

चम्पावत। सीमांत तल्लादेश क्षेत्र में बारात में गए एक शिक्षक को युवक ने बुरी तरह पीट दिया। थप्पड़ जड़ने के बाद सरकारी स्कूल के शिक्षक संग बदसलूकी भी की गई। पुलिस ने पीड़ित शिक्षक की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ तमाम धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

तामली क्षेत्र के आमनी राउमावि में तैनात शिक्षक महेश गहतोड़ी गुरुवार को गांव में ही एक शादी समारोह में गए थे। आरोप लगाया कि शादी में क्षेत्र का ही एक युवक लगातार उन्हें गाली गलौज कर रहा था। आरोप है कि शिक्षक के विरोध करने पर आरोपी युवक मारपीट पर उतारु हो गया और शिक्षक को थप्पड़ जड़ दिया। साथ ही मुंह पर घूंसा मार दिया। शिक्षक का आरोप है कि युवक ने उनके साथ बदसलूकी भी की। मामले की जानकारी तत्काल पुलिस को दी गई। बारात में आए लोगों ने किसी तरह मामले को शांत किया।

शनिवार को पीड़ित शिक्षक ने तामली थाने में आरोपी के खिलाफ तहरीर दी। एसओ बृजमोहन राणा ने बताया कि शिक्षक की तहरीर पर आरोपी आमनी निवासी सूरज उर्फ हलचल के खिलाफ धारा 323, 504, 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच एसआई हिम्मत सिंह को सौंपी गई है।

# टैक्स जमा के अत्यधिक नोटिस से भड़के व्यापारी

रुद्रपुर। वाणिज्य कर विभाग द्वारा व्यापारियों को टैक्स जमा करने के अत्यधिक नोटिस जारी होने पर व्यापारी भड़क गए। व्यापारियों ने वाणिज्य कर कार्यालय पहुंचकर उपायुक्त के समक्ष आक्रोश व्यक्त किया। उन्होंने विभागीय अधिकारियों पर व्यापारियों के उत्पीड़न का भी आरोप लगाया। बाद में उपायुक्त के नोटिस वापस लेने के आश्वासन पर व्यापारी शांत हुए।

शुक्रवार को प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल वाणिज्य कर विभाग पहुंचा। जहां उन्होंने उपायुक्त वीर सिंह से मुलाकात की। साथ ही ज्ञापन सौंपकर करीब 250 व्यापारियों को नोटिस जारी करने पर आक्रोश जताया। व्यापारियों का आरोप था कि व्यापारी समय–समय पर टैक्स जमा करते हैं। बावजूद इसके उन्हें



बार–बार नोटिस जारी कर परेशान किया जाता है। उन्होंने विभाग में कार्यरत कुछ अधिकारियों की कार्यशैली पर भी नाराजगी जताई। व्यापारियों ने कहा कि उन्हें बार–बार फोन कर कार्यालय में बुलाया जाता है। जिससे उन्हें परेशानी होती है।

उपायुक्त के नोटिस वापस लेने का आश्वासन देने पर व्यापारी शात हुए। इस दौरान व्यापार मंडल अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष अरुण सक्सेना, महामंत्री हिमांशु अग्रवाल, टीडी कांडपाल, राहुल रोहिला, सतीश गोयल, बॉबी राठौर, रवीश भटनागर, टीडी कांडपाल, गौरव अग्रवाल, प्रवीण कंच्छल, हरीश शर्मा, अजय अग्रवाल, गगन अरोड़ा, सीपी रावत, अमरनाथ गोयल, कर्मजीत सिंह, दिलबाग सिंह, जगदीप सिंह, परमिंदर सिंह, बृजबिहारी, तरुण छाबड़ा, सुरेंद्र अग्रवाल, संदीप भटनागर आदि मौजूद थे।

# टनकपुर में चलाया सफाई अभियान



चम्पावत। टनकपुर में एसडीएम के निर्देश में राजस्व टीम ने पर्यावरण मित्रों के साथ मिलकर सफाई अभियान चलाया। एसडीएम आकाश जोशी ने बताया कि पूर्णागिरि मेले को देखते हुए नगर में सफाई अभियान चलाया गया है। उन्होंने बताया कि कॉलेज के पास स्थित रेलवे लाइन से कूड़े को बुलडोजर और पर्यावरण मित्रों की मदद से हटाया गया। बताया कि पूर्णागिरि में लाखों की तादात में बाहरी राज्यों से श्रद्धालु देवी दर्शन के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में नगर में फैले कूड़े से श्रद्धालुओं पर गलत प्रभाव पड़ सकता है। साथ ही खुले में कूड़े से तमाम प्रकार की बीमारी का खतरा भी बना रहता है।

## पोथ के ग्रामीणों ने सड़क निर्माण की मांग की

चम्पावत। चम्पावत के दूरस्थ पोथ के ग्रामीणों ने सड़क, बिजली सहित तमाम मांग की है। उन्होंने इस संबंध में कैंप कार्यालय के माध्यम से सीएम को ज्ञापन भेजा है। ग्रामीणों ने मांग पूरी नहीं होने पर आगामी लोस चुनाव बहिष्कार की चेतावनी दी है।शुक्रवार को टनकपुर से 35 किलोमीटर दूर पोथ क्षेत्र पंचायत सदस्य रवि शंकर पांडेय के नेतृत्व में ग्रामीणों ने कैंप कार्यालय में ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि सौ प्रतिशत वोट डालने के बाद भी उनकी मांगों को अनदेखा किया गया है। ग्राम पंचायत पोथ के तोक गंगसीर में आजादी के 77 साल बाद भी न ही सड़क पहुंच पाई है और न ही बिजली।

# विजिलेंस टीम ने तीन उपभोक्ताओं को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा

चम्पावत। टनकपुर में हल्द्वानी की विजिलेंस टीम ने छापेमारी की। इस दौरान तीन उपभोक्ताओं को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा। मामले में ऊर्जा निगम ने कोतवाली में तहरीर दी है। तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज होगा। ऊर्जा निगम के एसडीओ मयंक भट्ट ने बताया कि विजिलेंस के सहायक अभियंता अमित आर्य के नेतृत्व टीम ने बनबसा, टनकपुर क्षेत्र में छापेमारी की। सहायक अभियंता आर्य ने बताया कि बनबसा के गड़ीगोठ में केसर सिंह पुत्र शेर सिंह को घरेलू कनेक्शन लेकर उससे वाणिज्य कार्य करते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया।

जबकि टनकपुर में कार्कीफॉर्म निवासी पंकज सिंह पुत्र गोविंद सिंह मीटर से पहले एलटी लाइन में कट मार के बिजली चोरी की जा रही थी। इसके अलावा नायकगोठ निवासी शिवराज सिंह पुत्र प्रेम सिंह कांटा डालकर अवैध रूप से बिजली का इस्तेमाल कर रहे थे। एसडीओ भट्ट ने बताया कि विद्युत चोरी अधिनियम के तहत तहरीर दी गई है। टीम में विजिलेंस टीम के इंस्पेक्टर शरद चौधरी, जेई नरेंद्र प्रसाद, लाइनमैन राजेंद्र, जेपी जोशी आदि रहे। कोतवाल चंद्रमोहन सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# काश्तकारों के लिए मुसीबत बने हाथी, बर्बाद कर रहे फसल



दुगड्डा ब्लॉक के ऐता गांव में हाथी द्वारा बर्बाद की गई गेंहू की फसल

## गुरुवार रात दुगड्डा के ऐता व जुआ खिखराणा तोक में मचाया उत्पात

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : वन विभाग के लाख दावों के बाद भी आबादी में हाथियों की धमक थमने का नाम नहीं ले रही। आए दिन हाथियों का झुंड़ आबादी में पहुंचकर उत्पात मचा रहे हैं। गुरुवार रात हाथियों ने दुगड्डा ब्लॉक के ऐता व जुआ खिखराणा तोक गांव में ग्रामीणों की गेंहू की फसल चट कर दी। यहीं नहीं हाथियों ने ऐता में फेंसिंग लाइन को भी तोड़ दिया। ग्रामीणों ने वन विभाग से हाथियों के आतंक से निजात दिलवाने की मांग की है।

गुरुवार रात करीब नौ बजे हाथी ऐता गांव में पहुंच गए थे। यहां करीब दो घंटे तक वह उत्पात मचाते रहे। ऐता के बाद जुआ खिखराणा तोक में पहुंचे हाथियों ने गेंहू की फसल चट कर दी। यही नहीं हाथियों ने ऐता में फेंसिंग लाइट भी तोड़ डाली। हाथी ने ग्रामीण बलवान सिंह, दीपक नेगी, विवेक, सतीश नेगी, बीना देवी के खेतों में खड़ी फसल को सबसे अधिक नुकसान पहुंचाया है। रात करीब नौ बजे से 11 बजे तक हाथी ऐता गांव में ही टहलते रहे। सूचना के बाद वन कर्मी मौके पर पहुंचते इससे पहले ही हाथी जुआ खिखराणा गांव में पहुंच चुके थे। यहां उन्होंने मुन्नी देवी, गौरव बिष्ट सहित अन्य ग्रामीणों के खेतों में गेंहू की फसल चट कर दी। वहीं, भाबर क्षेत्र के झंडीचौड़ में भी देर रात हाथियों के एक झुंड आबादी में पहुंचा। हाथियों ने काश्तकारों की मेहनत से लगाई गई फसल को बर्बाद कर दिया। पूर्व पार्षद सुखपाल शाह ने बताया कि झंडीचौड़ में पिछले चार-पांच दिनों से लगातार हाथी आतंक मचा रहे हैं। क्षेत्र में हाथियों की धमक रोकने के लिए कई बार वन विभाग से शिकायत कर चुके हैं। लेकिन, अब तक कोई ध्यान नहीं दिया गया। नतीजा फसल बर्बाद होने से काश्तकारों को भारी नुकसान हो रहा है।

### बोनी पड़ी सुरक्षा दीवार

लालपानी सहित अन्य स्थानों पर हाथियों को रोकने के लिए बनाई गई सुरक्षा दीवार भी बोनी हो चुकी है। बरसात के बाद से सुरक्षा दीवार में जंगल की ओर से मिट्टी के टीले जमा हो चुके हैं।

जिसे लांघकर हाथी आसानी से आबादी में पहुंच जाते हैं। वहीं, जंगल के आसपास रास्तों में लगाई गई स्ट्रीट लाइट भी खराब पड़ी हुई है। ऐसे में रात के समय आवाजाही करने वालों को खतरा बना रहता है।

## राजकीय बेस अस्पताल में पर्ची काउंटर खुलने का बदला समय

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : राजकीय बेस चिकित्सालय कोटद्वार में पर्ची काउंटर खुलने के समय में बदलाव हो गया है, अब सुबह आठ बजे से पर्ची काउंटर खुल जाएगा। जो दोपहर दो बजे तक खुला रहेगा। बेस हास्पिटल के मैनेजर बीएस रावत ने बताया कि गर्मियों में हास्पिटल में पर्ची काउंटर खुलने का समय आठ बजे कर दिया गया है, जो 31 अक्टूबर तक जारी रहेगा। पहले पर्ची काउंटर सुबह नौ बजे खुलता था, जो तीन बजे तक खुला रहता था। लेकिन गर्मियों में हर साल पर्ची काउंटर के खुलने के समय में बदलाव किया जाता है।

## अग्निवीर भर्ती रैली हेतु 24 मार्च तक कराएं पंजीकरण

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : अग्निवीर भर्ती रैली हेतु ऑनलाईन पंजीकरण 24 मार्च 2024 तक होगें। सेना भर्ती कार्यालय लैंसडौन के कर्नल पारितोष मिसरा ने जानकारी देते हुए बताया कि अग्निवीर भर्ती रैली के लिए ऑनलाईन पंजीकरण 13 फरवरी से शुरू हो चुका है, जो 24 मार्च 2024 तक जारी रहेगा। भर्ती रैली में सम्मलित होने वाले युवा पंजीकरण करा सकते हैं। साथ ही बताया कि एआरओ लैंसडौन में सशस्त्र बलों में सेवा के लाभों के बारे में युवाओं को शिक्षित करने के लिए पूरे गढ़वाल क्षेत्र में आउटरीच कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं।

# वाद-विवाद व चार्ट प्रतियोगिता में निधि रावत रही प्रथम



महाविद्यालय में आयोजित प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करते छात्र

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भूगोल विभाग व आईक्यूएसी की ओर से विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान चार्ट व वाद-विवाद प्रतियोगिता में निधि रावत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कहा कि विद्यार्थियों को जीवन में लक्ष्य तय कर पूरी मेहनत से उसे पाने में जुट जाना चाहिए। इस दौरान निबंध प्रतियोगिता में निधि बहुखंडी, सानिया व सोनम, चार्ट प्रतियोगिता में निधि रावत, रुकैया व सृष्टि, भाषण प्रतियोगिता में सानिया, किरन व निधि बहुखंडी और वाद-विवाद प्रतियोगिता में निधि रावत, लक्ष्मी व किरन नेगी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिताओं में शिवानी, नीतू ध्यानी, लक्ष्मी, निधि रावत और रूपल को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

# वरिष्ठ अधिवक्ता चंद्रमोहन बड़थ्वाल का निधन



**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : कोटद्वार शहर के वरिष्ठ अधिवक्ता व कम्युनिस्ट पार्टी के पूर्व जिला सचिव एडवोकेट चंद्रमोहन बड़थ्वाल का गुरुवार शाम ह्रदय गति रुकने से निधन हो गया। वे 69 वर्ष के थे।

शुक्रवार को मुक्ति धाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनकी चिता को मुखाग्नि उनके पुत्र अमृतांशु बड़थ्वाल ने दी। वहीं उनके निधन के शोक स्वरूप अधिवक्ता शुक्रवार को न्यायिक कार्यों से विरत रहे। उनकी अंतिम यात्रा में गो सेवा आयोग के अध्यक्ष पंडित राजेंद्र प्रसाद अण्थवाल, बार संघ अध्यक्ष अजय पंत, धनीश पोखरियाल, धर्मदीप अग्रवाल, राजकुमार इष्टवाल, ध्यान सिंह नेगी, अरविंद वर्मा, प्रवेश रावत, बंटी कैंथोला, वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश कर्णवाल, अनिल खंतवाल, अनूप खंतवाल, भाकपा नेता समर भंडारी, विपिन उनियाल, मोहन सिंह रावत, तोताराम पांथरी, प्रभात डबराल आदि शामिल रहे।

### उक्रांद ने दी श्रद्धांजलि

वरिष्ठ अधिवक्ता चंद्रमोहन बड़थ्वाल के निधन पर उत्तराखंड क्रांति दल ने शोक व्यक्त किया है। कहा कि चंद्रमोहन बड़थ्वाल लगातार समाज सेवा में भी जुटे रहते थे। उन्होंने कई सामाजिक राजनीतिक आंदोलनों में भाग लिया। वह सदैव गरीब, मजदूर व किसानों के हित में संघर्ष करते रहे। शोक व्यक्त करने वालों में जग दीपक सिंह रावत, महेंद्र सिंह रावत, सत्य प्रकाश भारद्वाज, हरिश्चंद्र द्विवेदी, प्रवेश चन्द्र नवानी, पुष्कर सिंह रावत, सत्यपाल नेगी, रमेश कोठारी, राजेंद्र पंत, विनोद चौधरी, हयात सिंह गुसाईं, गुलाब सिंह रावत, सर्वेंद्र काला, भारत मोहन काला, सतपाल नेगी आदि शामिल थे।

# सुमन, मनीष व गुलाब को मिली संगठन मंत्री की जिम्मेदारी

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : जिला उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की ओर से जिले की नवीन कार्यकारणी का गठन किया गया है। इस दौरान सुमन कुमार, मनीष कुकशाल व गुलाब सिंह बिष्ट को जिला संगठन मंत्री की जिम्मेदारी दी गई है।

नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन की मजबूती का संकल्प लिया। कहा कि संगठन का उद्देश्य व्यापारियों के हितों में काम करना है। मंडल अध्यक्ष विवेक अग्रवाल व महामंत्री लाजपत राय भाटिया ने नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की। बताया कि पौड़ी से देवेंद्र रावत, कोटद्वार से मो. इमरान को जिला उपाध्यक्ष, लैंसडौन से अशोक जौहरी, कोटद्वार से पाणिनी बौंठियाल को सह सचिव, झंडीचौड़ से सुमन कुमार, सतपुली से मनीष कुकशाल, पाबौ से गुलाब सिंह बिष्ट को जिला संगठन मंत्री की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं, कोटद्वार निवासी जितेंद्र कैंथोला को कोषाध्यक्ष बनाया गया है।

इस दौरान नव नियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन की मजबूती के साथ ही व्यापारियों के हितों में कार्य करने का संकल्प लिया। इस मौके पर राकेश गर्ग, बिष्णु अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, सुनील गोयल, आनंद गुप्ता, कृष्ण सिंघानिया, हेमंत पंत, रमेश सिंघल, राजेंद्र जखमोला, नरेंद्र अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# चौहान का शोध मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा शोध प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत स्वीकृत



जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार में बीएड विभाग के विभाग अध्यक्ष डा. रमेश सिंह चौहान का शोध प्रस्ताव मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा शोध प्रोत्साहन योजना के अन्तर्गत स्वीकृत किया गया है। यह योजना उत्तराखण्ड राज्य के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत की दूरदर्शिता एवं उत्तरखण्ड राज्य में अनुसंधान के क्षेत्र को बढ़ावा देगा।

डा. आरएस चौहान द्वारा मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा शोध प्रोत्साहन योजना के अन्तर्गत अपना शोध प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया था। जिसे उत्तराखण्ड सरकार द्वारा स्वीकृत कर लिया गया है, इस हेतु 8 लाख रूपये से अधिक की धनराशि स्वीकृत की गयी है। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. जानकी पंवार द्वारा प्रो. आरएस चौहान के शोध प्रस्ताव के मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा शोध प्रोत्साहन योजना के अन्तर्गत स्वीकृत होने पर प्रो. चौहान को बधाई दी। इसे महाविद्यालय के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। चौहान की इस उपलब्धि पर बीएड विभाग एवं महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों तथा कर्मचारियों द्वारा प्रो. चौहान को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। प्रो. चौहान ने बताया कि इस शोध परियोजना के संचालन हेतु उन्हें 02 शोध सहायकों की आवश्यकता है।

# भुलाया नहीं जा सकता वीर सैनिकों का योगदान

## धूमधाम से मनाया गया बटालियन का स्थापना दिवस



16वीं गढ़वाल राइफल पूर्व सैनिक संगठन की ओर से आयोजित कार्यक्रम में मौजूद सदस्य

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : 16वीं गढ़वाल राइफल पूर्व सैनिक संगठन की ओर से बटालियन का स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान सदस्यों ने वीर शहीदों के योगदान को भी याद किया। कहा कि देश की रक्षा में दिए गए सैनिकों के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। कार्यक्रम के दौरान संगठन ने वीरांगनाओं को भी सम्मानित किया।

नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत बेलाडाट में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ सूबेदार (सेनि.) चंद्रमोहन धूलिया व रणजीत सिंह ने दीप प्रज्जवलित कर किया। कहा कि देश की रक्षा में दिए गए शहीदों के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। सैनिकों की वजह से ही हमारे देश की सीमाएं सुरक्षित हैं। आपरेशन पवन, आपरेशन रक्षक, आपरेशन विजय जैसे कई अन्य महत्वपूर्ण आपरेशन में सैनिकों ने अपनी वीरता का परिचय दिया। देश के वीर सैनिक युवाओं के लिए प्रेरणा के स्त्रोत हैं। कहा कि संगठन से जुड़े पूर्व सैनिक देश की रक्षा के बाद अब समाज की सेवा में अपना योगदान दे रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान शहीदों की वीरांगनाओं को सम्मानित किया गया। इस मौके पर संतन सिंह, लखपाल सिंह, हेमंत, दिनेश आदि मौजूद रहे।

## बौद्धिक लोगों के मतदान को बढ़ाना होगा

श्रीनगर गढ़वाल : गढ़वाल विवि के राजनीति विज्ञान विभाग के तत्वावधान में निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के तहत मेरा पहला वोट मेरे देश के लिए विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मैती आंदोलन के प्रणेता और लोकसभा चुनाव के स्टेट आइकॉन पद्मश्री कल्याण सिंह रावत ने कहा कि बौद्धिक लोगों के मतदान को बढ़ाना होगा, ताकि एक अच्छा प्रतिनिधि मिल सके और लोकतंत्र की जड़ें मजबूत हो सकें। मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान संकाय के संकायाध्यक्ष प्रो. हिमांशु बौड़ाई ने चुनाव के ऐतिहासिक पक्ष एवं महत्व को बताते हुए कहा कि एक व्यक्ति एक वोट को पाने के लिए विश्व भर में लंबा समय लगा है। हमें इसके महत्व को समझना होगा। कहा कि यह एक ऐसा अधिकार है, जिससे हम सीधे तौर पर लोकतांत्रिक व्यवस्था से जुड़ जाते हैं। राजनीति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. एमएम सेमवाल ने कहा कि विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में मतदाता के एकमत का मूल्य राष्ट्र निर्माण के लिए महत्वपूर्ण है। इस मौके पर रक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. राकेश कुंवर, प्रो. जेपी भट्ट, डा. नरेंद्र चौहान, डा. रितु मिश्रा, डा. हनुमंत, डा. राकेश नेगी, डा. हेमलता वर्मा, डा. सुभाष लाल सहित शोध छात्र आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# ईवीएम मशीनों का किया ड्राईरन प्रथम रैण्डमाईजेशन




जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु एनआईसी कक्ष में गढ़वाल संसदीय क्षेत्र का साफ्टवेयर के माध्यम से ईवीएम मशीनों का ड्राईरन प्रथम रैण्डमाईजेशन जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. आशीष चौहान की उपस्थिति में किया गया।

इस दौरान गढ़वाल संसदीय क्षेत्र के समस्त 14 विधानसभाओं के ईवीएम मशीनों का रैण्डमाईजेशन जिला निर्वाचन अधिकारी एवं बूथवार मशीनों का रैण्डमाईजेशन संबंधित रिटर्निंग अधिकारियों द्वारा सफलता पूर्वक किया गया। इस दौरान ईवीएम नोडल अधिकारी शिवा, सहायक निर्वाचन अधिकारी शांति लाल शाह सहित अन्य उपस्थित थे।

# मतदाताओं ने ली शतप्रतिशत मतदान की शपथ



**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत जनपद में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए चल रहे अभियान के तहत शपथ लेने के साथ ही मेहंदी, वॉल पेटिंग, रंगोली और पोस्टर बनाने सहित अन्य गतिविधियों का आयोजन किया गया। जनपद के सभी 15 विकासखंडों में विभिन्न स्थानों में मतदाताओं ने शत प्रतिशत मतदान की शपथ ली।

आगामी लोक सभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला निर्वाचन विभाग युद्ध स्तर पर जुटा हुआ है। जागरूकता कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को विकासखंड थलीसैंण, पाबौ, द्वारीखाल, कल्जीखाल, बीरोंखाल, कोट, खिर्सू सहित अन्य विकासखंडों में मतदाताओं को मतदान की शपथ दिलाई गयी। वहीं नेहरू युवा केंद्र द्वारा विकासखंड कोट के ग्राम पंचायत कुलखुड़ी, कोटद्वार के सिगड़ी ग्रोथ सेंटर में कर्मचारियों, जयहरीखाल में मनरेगा श्रमिक, महिला बाल विकास द्वारा खिर्सू सहित अन्य स्थानों पर मतदाताओं को आगामी चुनाव में शतप्रतिशत मतदान हो इसकी शपथ दिलाई गयी। साथ ही गांव से बाहर रह रहे मतदाताओं से संपर्क कर उन्हें अपने ही गांव में मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान मतदाताओं को निष्पक्ष मतदान करने की अपील की गयी।

## नरेंद्रनगर महाविद्यालय की शोध परियोजनाओं को मिली स्वीकृति

नई टिहरी : मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा शोध प्रोत्साहन योजना में धर्मानंद राजकीय महाविद्यालय नरेंद्रनगर के तीन प्रोफेसर शोधार्थियों की शोध परियोजनाएं उच्च शिक्षा विभाग की ओर से स्वीकृत की गई है। महाविद्यालय से तीन शोध प्रस्तावों की स्वीकृत मिलने पर प्राचार्य प्रो. आर के उभान सहित सभी शिक्षक व कर्मचारियों ने हर्ष व्यक्त किया है। महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. विक्रम सिंह बर्त्वाल ने बताया कि, स्वीकृत शोध प्रस्तावों में मनोविज्ञान विभाग से डॉ. सपना कश्यप, पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग से डॉ. सूचना सचदेवा तथा पर्यटन अध्ययन विभाग से डॉ. विजय प्रकाश भट्ट की शोध परियोजनाओं को स्वीकृत किया हैं। पर्यटन अध्ययन विभाग से आदि कैलाश परिक्षेत्र में समुदाय आधारित सतत पर्यटन विकास पर कार्य किए जाने के लिए डॉ. विजय प्रकाश भट्ट को 6 लाख 53 हजार रुपये, पत्रकारिता विभाग से डॉ. सूचना सचदेवा को द इंपैक्ट ऑफ़ मिसइनफॉरमेशन एंड फेक न्यूज स्प्रेड थ्रू सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स रूरल पापुलेशन इन उत्तराखंड के लिए 8 लाख 16 हजार तथा मनोविज्ञान विभाग से डॉ. सपना कश्यप को करियर रेडीनेस थ्रू डिजिटल प्लेटफॉर्म्स ऑफ गवर्नमेन्ट स्कूल स्टूडेंट्स ऑफ उत्तराखंड एट द टाइम ऑफ ट्रांजीशन के लिए 4 लाख 5 हजार की अनुदान राशि स्वीकृत हुई हैं।

# विभागों में तैनात नियमित और आउटसोर्सिंग कार्मिकों का शत प्रतिशत मतदान करवाएं



डीएम डॉ. आशीष चौहान अधिकारियों को निर्देश देते हुए।

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : जिला निर्वाचन अधिकारी ने शिक्षा विभाग, नगर निकाय, सहकारिता, एनआरएलएम, डेयरी विकास, प्रांतीय रक्षक दल, पुलिस विभाग, राजस्व विभाग, उद्योग, पूर्ति आदि विभागों को नियमित और आउटसोर्स के सभी कार्मिकों का जनपद की मतदान सूची में पंजीकरण कराने को कहा।

उन्होंने कहा कि सभी कार्मिकों को मतदान की शपथ दिलवाएं तथा परिजनों और जनमानस को भी मतदान करने को प्रेरित करने करें।

जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने कलेक्ट्रेट के एन.आई.सी. कक्ष में निर्वाचन की समीक्षा बैठक की। जिलाधिकारी ने नोडल अधिकारी दिव्यांग, खंड शिक्षाधिकारी पाबौ अमित चौहान, समाज कल्याण विभाग को निर्देशित किया कि स्थानीय बी.एल.ओ. के सहयोग से जनपद के अलग-अलग क्षेत्र के दिव्यांग और 80 वर्ष से ऊपर के मतदाताओं का सही-सही लेटेस्ट डाटा प्राप्त करते हुए उनको मतदान करवाने के लिए आवश्यक सहयोग प्रदान करें। उनका मतदान में प्रतिभाग करवाने के लिए माइक्रोलेबल का प्लान बनाएं तथा किस तरह के दिव्यांग और अति वरिष्ठ मतदाता को किस तरह की सहायता किस क्षेत्र में अपेक्षित है इसका पता करते हुए उसी अनुसार उनको वाहन, व्हीलचेयर, डोली और वॉलिंटियर्स उपलब्ध करवायें। साथ ही ऐसे मतदाताओं के मध्य सक्षम एप का भी अधिकाधिक प्रचार-प्रसार करवायें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अपूर्वा पाण्डेय, अधीक्षण अभियंता लोनिवि पी.एस. बृजवाल, अधीक्षण अभियंता पेयजल मो. मीशम, मुख्य शिक्षा अधिकारी दिनेश गौड़, नेहरू युवा केंद्र अधिकारी शैलेश भट्ट, सहायक निर्वाचन अधिकारी शांति लाल शाह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# गणेश सिंह गरीब ने दिया चकबंदी दो वोट लो का नारा




जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : कल्जीखाल विकासखंड के राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ भवन में चकबंदी के प्रेणता गणेश सिंह गरीब का 88वां जन्म दिवस चकबंदी दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर गणेश सिंह गरीब ने कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों से लगातार हो रहे पलायन का दुःखड़ा तो हर राजनीतिक दल का नेता रोता रहता है, लेकिन पलायन के पीछे क्या कारण है इसके कारणो की ओर किसी ने ध्यान नहीं दिया। जनता को चकबंदी दो और वोट लो का नारा देकर नेताओं पर चकबंदी लिए दबाव बनाना होगा। नेता स्वयं पहाड़ी जनता के वोट झपट कर खुद मैदान में बस गए हैं। इसलिए उनका सरोकार केवल वोट तक ही तक सीमित रह गया है इस मौके पर चकबंदी पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि चकबंदी के लिए गणेश सिंह गरीब ने 44 साल से संघर्ष कर रहे है। इसलिए सरकार को उन्हें पद्मश्री पुरस्कार देना चाहिए। कार्यक्रम के संयोजक ग्रामीण पत्रकार जगमोहन डांगी ने गणेश सिंह गरीब की 44 सालों से चकबंदी के लिए किए गए जन आंदोलन पर उनके संघर्ष के बारे में बताया। संगोष्ठी में चकबंदी आंदोलन के समर्थक शेखरानंद मंझेड़ा, पूर्व कनिष्ठ प्रमुख अनिल कुमार, पूर्व सांसद प्रतिनिधि जयकृत सिंह पटवाल, रेखा देवी, मंजीता देवी ने भी अपने विचार रखे। चकबंदी आंदोलन के प्रणेता गणेश सिंह गरीब ने कहा कि राज्य गठन के 24 साल के बाद भी उत्तराखंडियों को पहाड़ के सुनियोजित विकास के मूल तो दूर आवरण की अवधारणा तक ढांचा तैयार कहीं नजर नहीं आ रहा है। उन्होंने पहाड़ से निरंतर हो रहे पलायन के लिए सरकारों की नीतियां जिम्मेदार है। सरकारों की नीतियों ने हमेशा ही गांव की उपेक्षा की है। गांव का पलायन रोकना एक मात्र विकल्प चकबंदी ही हो सकती है। उन्होंने कहा कि चकबंदी है पहाड़ की बंजर खेती को संजीवनी देने की काम करेगी। उन्होंने पहाड़ में हो रहे पलायन के लिए सरकारों की नीतियों को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि सरकारें सिर्फ गांव तक बिजली, पानी और सड़क पहुंचने तक ही सीमित है। इस अवसर पर कृषि और बागवानी क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहे कास्तकार सुनील पटवाल ग्राम फल्दा को उन्नत कृषक के रूप में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन विक्रम पटवाल ने किया।

## एनएसएस की छात्रों के व्यक्तित्व व चरित्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका

नई टिहरी : राजकीय महाविद्यालय चन्द्रवदनी नैखरी के सात दिवसीय विशेष शिविर की भुवनेश्वरी महिला आश्रम अंजनीसैंण में शुरुआत हुई। शिविर में बौद्धिक सत्र में विविध विषयों पर विशेषज्ञों ने छात्र-छात्रों का मार्गदर्शन किया। शैलेश मटियानी राज्य शैक्षिक पुरस्कार प्राप्त साहित्यकार डॉ. सुरेन्द्र दत्त सेमल्टी ने रासे योजना के इतिहास, उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए छात्र-छात्राओं के व्यक्तित्व व चरित्र निर्माण में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका बतायी। उन्होंने योजना को सेवा के द्वारा शिक्षा के साथ राष्ट्र सेवा का आधार स्तम्भ और समाज एवं प्रकृति से जुड़ने एवं समझने का भी माध्यम बतलाया। उन्होंने स्वरचित गढ़वाली व बालोपयोगी हिंदी कविताओं का वाचन किया।


उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

निविदा सूचना

| क्र. सं. | कार्य का नाम एवं लोकेशन | कार्य की अनुमानित लागत (रु0) | कार्यालय का पता जहाँ से निविदा प्रपत्र जारी किया गया है | बिड सिक्यूरिटी राशि (रु0) | कार्य के पूर्ण करने की समय अवधि | निविदा प्रपत्र जमा करने तथा खुलने की दिनांक व समय | वेबसाइट एवम् कार्यालय का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 07/वरिष्ठ मं.वि.अभि./सा./मुरा./2024:– डीआरएम कैम्पस मुरादाबाद में आरवीएनएल द्वारा निर्मित नये नियंत्रण भवन हेतु विद्युत आपूर्ति व्यवस्था हेतु विद्युत कार्य। | 4476664.40 (जीएसटी सहित) | विद्युत शाखा, मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद | 89500.00 | 3 (तीन) माह | निविदायें दिनांक 26.03.2024 को 15.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन 15:00 बजे खोली जायेगी। | वेबसाइट www.ireps.gov.in मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय/उत्तर रेलवे, मुरादबाद। |

निविदा सूचना सं0: 08/2024 दिनांक: 01.03.2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 680/24

उत्तराखण्ड शासन

आज़ादी का अमृत महोत्सव

# आगे बढ़ता उत्तराखण्ड

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दिशा निर्देश व मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कुशल नेतृत्व में डबल इंजन सरकार में उत्तराखण्ड विकास के नए आयाम गढ़ रहा है।**

संकल्प नये उत्तराखण्ड का



**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड



**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री






## सपनों का साकार करती उत्तराखण्ड सरकार

• राष्ट्रीय पर्यटन पुरस्कार-भारत सरकार, पर्यटन मंत्रालय द्वारा उत्तराखण्ड पर्यटन को सर्वश्रेष्ठ साहसिक गतव्य के रूप में तथा पर्यटन के सर्वागीण विकास हेतु वर्ष 2022 में पुरस्कृत किया गया।

• श्री केदारनाथ उत्थान चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा भारत सरकार के सार्वजनिक उपक्रमों से सी0एस0आर0 मद के अन्तर्गत प्रथम चरण में ₹225 करोड़ के कार्य पूर्ण कराये गये है तथा वर्तमान में दूसरे चरण में ₹198 करोड़ के निर्माण कार्य एवं तीर्थ यात्रियों हेतु आवासीय सुविधाएं विकसित किये जाने हेतु ₹190 करोड़ के कार्य गतिमान है। जिनका वर्ष 2024 तक पूर्ण कराये जाने का लक्ष्य निर्धारित है।

• वर्ष 2023 चार धाम यात्रा के दौरान 55 लाख से अधिक श्रद्धालुओं / यात्रियों द्वारा चार धाम के दर्शन किये गये हैं।

• प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के दिशा-निर्देशों पर बद्रीनाथ धाम को Smart Spiritual Hill Town के रूप में विकसित किये जाने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा चरणबद्ध रूप से कार्य किये जा रहे है। भारत सरकार के विभिन्न सार्वजनिक उपक्रमों से ₹273 करोड़ के कार्य निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व निधि के अंतर्गत कराये जा रहे हैं। इन कार्यों में घाट निर्माण, रेन सेल्टर, टूरिस्ट इन्टरपिटेशन सेन्टर आदि अवस्थापना सुविधाओं के कार्य किये जा रहे है। उक्त के अतिरिक्त तीर्थ यात्रियों हेतु आवासीय सुविधाऐं विकसित किये जाने हेतु ₹40 करोड के कार्य सी0एस0आर0 मद के अन्तर्गत गतिमान है।

• गोविंदघाट से हेमकुंड साहिब तथा सोनप्रयाग-केदारनाथ तक रोपवे का निर्माण कार्य आगामी वर्षों में पूर्ण करने का लक्ष्य।

• नंदा गौरा योजना के अन्तर्गत पात्र परिवार की 02 बालिकाओं को दो किश्तो क्रमशः जन्म के समय ₹11000 एवं बालिका द्वारा कक्षा 12वीं उत्तीर्ण करने पर ₹51000 की धनराशि डी.बी.टी. के माध्यम से उपलब्ध करायी जाती है। वर्तमान में योजनान्तर्गत अपणि सरकार पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन जमा करने की प्रक्रिया गतिमान है।

• मुख्यमंत्री बाल पोषण योजना के अंतर्गत राज्य में बच्चों के वजन एवं पोषण में सुधार, शारीरिक विकास, स्कूल पूर्व बच्चों (3 वर्ष से 06 वर्ष) को आंगनवाडी केन्द्रों पर प्रवेश को प्रोत्साहित करने के लिए, बच्चों को सप्ताह में दो दिन अण्डा एवं दो दिन केले चिप्स योजना के अन्तर्गत उपलब्ध कराये जा रहे हैं।

**सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी**

www.uttarainformation.gov.in UttarakhandDIPR DIPR_UK UttarakhandDIPR

आज़ादी का अमृत महोत्सव



# संकल्प नये उत्तराखण्ड का



**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

# आगे बढ़ता उत्तराखण्ड

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दिशा निर्देश व मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कुशल नेतृत्व में डबल इंजन सरकार में उत्तराखण्ड विकास के नए आयाम गढ़ रहा है।**

## सपनों को साकार करती उत्तराखण्ड सरकार

- मुख्यमंत्री महिला पोषण योजना के द्वारा राज्य में आंगनवाड़ी केन्द्रों में पंजीकृत गर्भवती/धात्री महिलाओं में एनीमिया एवं मृत्यु व शिशु मृत्यु दर में कमी लाने एवं पोषण स्तर में सुधार लाना है।

- मुख्यमंत्री महालक्ष्मी योजना के अंतर्गत चयनित प्रथम गर्भवती महिला को प्रसव के समय प्रसूता एवं नवजात शिशु को आवश्यक सामग्री युक्त किट उपलब्ध करवायी जाती है। वर्तमान में इस योजना का लाभ एक परिवार की दो बालिका के जन्म पर दिया जा रहा है। प्रथम बालक के जन्म पर योजना से लाभान्वित करने कर प्रस्ताव किया गया है।

- मुख्यमंत्री आंचल अमृत योजना के अर्न्तगत राज्य सरकार द्वारा राज्य के समस्त आंगनवाड़ी केंद्रों में आने वाले स्कूल पूर्व बच्चे शिक्षा के 03 से 06 वर्ष तक के बच्चों के पोषण एवं स्वास्थ में सुधार के साथ-साथ कुपोषण दर कम करना तथा आंगनवाड़ी केन्द्रों में बच्चों की संख्या में वृद्धि किये जाने के उद्देश्य से यह योजना राज्य में प्रारम्भ की गई। सप्ताह में 04 दिन सोमवार, मंगलवार, बृहस्पतिवार एवं शुक्रवार को 03 से 06 वर्ष के बच्चों को फोर्टिफाइड विटामिन ए वी डी युक्त सुगन्धित दूध दिया जाता है।

- वित्तीय वर्ष 2022-23 में एस.जी.एस.टी. के अन्तर्गत उत्तराखण्ड राज्य का कुल संग्रह ₹7341 करोड़ रहा है, जो गत वित्तीय वर्ष 2021-22 में प्राप्त संग्रह ₹5973 करोड़ के सापेक्ष लगभग 23 प्रतिशत अधिक था।

- गोट वैली परियोजना (Goat Valley) के अंतर्गत पशुपालन विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, सहकारिता विभाग व राज्य में बकरी विकास आधारित परियोजना का अभिसरण कर कलस्टर आधारित बकरी पालन को बढ़ावा दिया जाना है। एक वैली के अन्तर्गत न्यूनतम 100 लाभार्थियों को लाभान्वित किया जाना है।

- पशुपालकों के बहुमूल्य पशुधन को वर्षभर मौसमी / बहुवर्षीय चारा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मा0 मंत्री मण्डल द्वारा आगामी पांच वर्षों हेतु उत्तराखण्ड चारा नीति को मंजूरी दी गई है।

- राज्य में मिशन दालचीनी एवं मिशन तिमरू प्रारम्भ किये जाने की घोषणा की गई है। जिसका उद्देश्य दालचीनी एवं तिमरू को वैकल्पिक नकदी फसल के रूप में प्रसारित करना है।

- काशीपुर, ऊधम सिंह नगर में ऐरोमा पार्क की स्थापना।

- ऐरोमा वैली से राज्य के विभिन्न जनपदों में फसल आधारित 06 एरोमा वैलियों के माध्यम से 14,000 है। भूमि को सगन्ध फसलों से आच्छादित करने की योजना है। इससे कुल 37,800 कृषक लाभान्वित होंगे व 70,000 रोजगार सृजित होंगे।

- विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा उपभोक्ता सेवा रेटिंग में यूपीसीएल हिमालयी राज्यों में प्रथम स्थान पर है।











सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी

www.uttarainformation.gov.in UttarakhandDIPR DIPR_UK UttarakhandDIPR

## सम्पादकीय

# सौर ऊर्जा का सुनहरा भविष्य

ऊर्जा के क्षेत्र में केंद्र सरकार ने प्रत्येक राज्य के देशवासियों को अपने ही घर में सौर ऊर्जा के माध्यम से बिजली उत्पादन करने का अवसर प्रदान किया है। सरकार न केवल सौर ऊर्जा लगाने के लिए प्रोत्साहित कर रही है बल्कि इसके लिए सब्सिडी एवं बिजली को खरीदने व प्रयोग करने की सुविधा भी मुहैया करावेगी। योजना को पूरे देश में हाथों हाथ लिया जा रहा है और इस योजना के तहत सौर ऊर्जा प्लांट चालू होने के बाद एक सामान्य परिवार हर साल अपने प्रयोग के बाद भी पंद्रह हजार रुपए तक की बचत कर पाएगा। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना एक ऐसी है योजना जो हर घर के 15 हजार रुपये बचाएगी। पूरे देश में सौर ऊर्जा को एक वैकल्पिक ऊर्जा के तर पर अपनाने का प्रयास किया जा रहा है और इसके सार्थक परिणाम भी देखने को मिले हैं।पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना भी एक केंद्रीय योजना है जिसका लक्ष्य भारत में वैसे एक करोड़ परिवारों को मुफ्त बिजली प्रदान करना है, जो छत पर सौर बिजली इकाई स्थापित करने का विकल्प चुनते हैं। ऐसे परिवारों को हर महीने 300 यूनिट बिजली मुफ्त मिल सकेगी। यह 75,021 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ स्वीकृत की जा चुकी है।

योजना को हर आय वर्ग के परिवार की जरूरत को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है जिसके तहत 2 किलोवाट क्षमता तक के सिस्टम के लिए सौर इकाई लागत का 60 प्रतिशत और 2 से 3 किलोवाट क्षमता के बीच के सिस्टम के लिए अतिरिक्त सिस्टम लागत की 40 प्रतिशत सब्सिडी प्रदान करती है। इस सब्सिडी को 3 किलोवाट क्षमता तक सीमित कर दिया गया है। तदनुसार, मौजूदा मानक कीमतों पर, इसका मतलब 1 किलोवाट सिस्टम के लिए तीस हजार रुपये, 2 किलोवाट सिस्टम के लिए साठ हजार रुपये और 3 किलोवाट या उससे अधिक सिस्टम के लिए अठत्तर हजार रुपये होगी। केंद्र सरकार का प्रयास है कि अधिक से अधिक लोग इस योजना का लाभ उठाएं और यही कारण है कि इसकी पात्रता की शर्तें भी बेहद सामान्य रखी गई है। उपभोक्ता विक्रेता और रूफ टॉप सोलर यूनिट का चयन कर सकते हैं जिसे वे अपनी छत पर लगाना चाहते हैं। खास बात यह है कि सौर इकाई लगाने के लिए उपभोक्ता न केवल सब्सिडी बल्कि ऋण सुविधा का भी लाभ उठा सकता है। अब बात करें सौर ऊर्जा के लाभ एवं इससे होने वाली कमाई की तो इस योजना से कोई भी लाभान्वित परिवार न केवल अपने बिजली बिल बचाने में सक्षम होंगे बल्कि इसके साथ ही साथ वे डिस्कॉम को अधिशेष बिजली की बिक्री करके अतिरिक्त आय अर्जित करने में भी सक्षम होंगे। एक सामान्य परिवार जिसकी पप्रतिमाह तीन सौ यूनिट की खपत है वह पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में 3 किलोवाट क्षमता वाली रूफ टॉप सोलर यूनिट स्थापित करके, प्रति माह तीन सौ यूनिट तक की खपत करने वाले परिवार के लिए एक वर्ष में लगभग 15,000 रुपये की सुनिश्चित बचत कर है। आज जब लगातार बिजली के दाम बढ़ रहे हैं और इसके उपभोक्ताओं की भी संख्या में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है तो इन परिस्थितियों बिजली उत्पादन की दिशा में सौर ऊर्जा का भविष्य बेहद सुनहरा नजर आता है।

# मैदान में डटी निक्की हैली को सलाम!

**ट्रंप–युग की शुरुआत के बाद से अमेरिका में वोट देने के आधार बदल गए हैं। मतदाता एक गढ़े गए राजनैतिक नैरेटिव की गिरफ्त में हैं और पूरी तरह ध्रुवीकृत हो चुके हैं।ट्रंप को श्रमिक वर्ग के अशिक्षित पुरुषों और महिलाओं का पूरा समर्थन हासिल है। अमेरिकी मीडिया कहता है कि यह वर्ग, कुल मतदाताओं का करीब चौथाई हिस्सा है और ट्रंप–युग के अविर्भाव से पहले वह वोट ही नहीं देता था। अब समय बदल गया है और जाहिर है कि इसके सबसे बड़े लाभार्थी ट्रंप हैं। मगर हैली इस स्थिति से कतई घबराई हुईं नहीं हैं झ्र या कम से कम ऐसे लगता तो है। अब तक जितने भी राज्यों में चुनाव हुए हैं, उनमें से एक में भी वे जीत हासिल नहीं कर सकीं हैं। इसका मतलब यह है कि प्राइमरीज में उनकी विजय की कोई सम्भावना नहीं है। मुकाबला बहुत कड़ा, बल्कि एकतरफा है, मगर हैली मजबूती से जमी हुई हैं। उन्हें किस चीज़ से ताकत मिल रही है? वे मैदान छोड़ने के लिए तैयार क्यों नहीं हैं? ऐसी रेस में दौड़ते रहने का क्या अर्थ है जिसमें आपकी हार तय हो? अगर ट्रंप की जीत सुनिश्चित है, तो लड़ते रहने का क्या मतलब है? निक्की हैली, पार्टी के रीगन युग की आखिरी प्रतिनिधि हैं। और वे यह जानती हैं। वे नहीं चाहती कि यह ग्रैंड ओल्ड पार्टी ट्रंप जैसे लफ्फाजों के सामने घुटने टेक दे। उनकी सोच ट्रंप के ठीक उलट है। वे चाहती हैं कि अमेरिका की वैश्विक मामलों में दखल हो, वे मुक्त व्यापार की हामी हैं और उनका विचार है कि आम लोगों की रोजाना की ज़िन्दगी में सरकार का कम से कम हस्तक्षेप होना चाहिए। वे मानती हैं कि अमेरिका अब भी एक महान और भला देश है।**

**श्रुति व्यास**

कल मैंने लिखा था कि अमेरिका की रिपब्लिकन पार्टी के मुकाबलों में डोनाल्ड ट्रंप हार नहीं सकते। लेकिन बावजूद इसके यह ज़रूरी नहीं कि अपराजेय व्यक्ति के सामने हथियार डाल ही दिए जाएं।

इसलिए उनकी विरोधी निक्की हैली अंतिम क्षण तक ट्रंप से मुकाबला करने के प्रति प्रतिबद्ध हैं। वे मानती हैं कि उन्हें तब तक हार स्वीकार नहीं करनी है जब तक अंतिम मैच का परिणाम घोषित नहीं हो जाता। संशय और निराशा जिन लोगों का मूलभाव है, वे मानते हैं कि हैली एक हारा हुआ मैच खेल रही हैं। वे ट्रंप से मीलों पीछे हैं और उनके गृह राज्य साउथ केरोलाईना में उनकी करारी हार के बाद उन्हें चंदा देने वाले लगभग गायब हो गए हैं। पर हर हार, हर प्रहार उन्हें और मजबूती दे रहा है। वे मैदान छोडक़र भागने वालों में से नहीं हैं।

और यही कारण है कि अंतिम क्षण तक उम्मीद का दामन न छोड़ने वाले ट्रंप–विरोधियों के लिए और सुशिक्षित खांटी रिपब्लिकनों के लिए वे अब भी आशा की किरण हैं। वे लोग अब भी आशान्वित हैं। और हैली भी। साउथ केरोलाईना में उनकी हार के बाद उन्होंने एक तार्किक तर्क प्रस्तुत किया: "हमें साउथ केरोलाईना में 40 फीसद वोट मिले हैं। न्यू हैम्पशायर में भी हमें करीब–करीब इतने ही वोट मिले थे। मैं अकाउंटेंट हूँ और जानती हूँ कि 40 फीसद, 50 फीसद नहीं होते। मगर मैं यह भी जानती हूँ कि 40 फीसद बहुत कम भी नहीं होते।"

हैली एक मंझी हुई राजनेता हैं। वे जो कहतीं हैं वह लोगों को वाजिब लगता है।ट्रंप के तीखे हमलों और ट्रंप–समर्थकों द्वारा उनकी सभाओं में उन्हें हूट करने के बावजूद वे पीछे हटने को तैयार नहीं हैं। उन्हें अपने तर्कों और विचारों की सत्यता पर पूरा भरोसा है।

ट्रंप–युग की शुरुआत के बाद से अमेरिका में वोट देने के आधार बदल गए हैं। मतदाता एक गढ़े गए राजनैतिक नैरेटिव की गिरफ्त में हैं और पूरी तरह ध्रुवीकृत हो चुके हैं।ट्रंप को श्रमिक वर्ग के अशिक्षित पुरुषों और महिलाओं का पूरा समर्थन हासिल है। अमेरिकी मीडिया कहता है कि यह वर्ग, कुल मतदाताओं का करीब चौथाई हिस्सा है और ट्रंप–युग के अविर्भाव से पहले वह वोट ही नहीं देता था। अब समय बदल गया है और जाहिर है कि इसके सबसे बड़े लाभार्थी ट्रंप हैं।

मगर हैली इस स्थिति से कतई घबराई हुईं नहीं हैं झ्र या कम से कम ऐसे लगता तो है। अब तक जितने भी राज्यों में चुनाव हुए हैं, उनमें से एक में भी वे जीत हासिल नहीं कर सकीं हैं। इसका मतलब यह है कि प्राइमरीज में उनकी विजय की कोई सम्भावना नहीं है। मुकाबला बहुत कड़ा, बल्कि एकतरफा है, मगर हैली मजबूती से जमी हुई हैं। उन्हें किस चीज़ से ताकत मिल रही है? वे मैदान छोड़ने के लिए तैयार क्यों नहीं हैं? ऐसी रेस में दौड़ते रहने का क्या अर्थ है जिसमें आपकी हार तय हो? अगर ट्रंप की जीत सुनिश्चित है, तो लड़ते रहने का क्या मतलब है?

निक्की हैली, पार्टी के रीगन युग की आखिरी प्रतिनिधि हैं। और वे यह जानती हैं। वे नहीं चाहती कि यह ग्रैंड ओल्ड पार्टी ट्रंप जैसे लफ्फाजों के सामने घुटने टेक दे। उनकी सोच ट्रंप के ठीक उलट है। वे चाहती हैं कि अमेरिका की वैश्विक मामलों में दखल हो, वे मुक्त व्यापार की हामी हैं और उनका विचार है कि आम लोगों की रोजाना की ज़िन्दगी में सरकार का कम से कम हस्तक्षेप होना चाहिए। वे मानती हैं कि अमेरिका अब भी एक महान और भला देश है।इसके विपरीत, ट्रंप आज के अमरीका पर हमलावर हैं और मानते हैं कि वे अमरीका के मुक्तिदाता, उसके मसीहा है। पिछले हफ्ते के अंत में अपने सार्वजनिक भाषणों में हैली ने जोर देकर कहा कि रूस अपने साम्राज्य का विस्तार करता चाहता है और पहले से कहीं अधिक खतरनाक बन गया है। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरीकियों को नाटो की उपयोगिता पर संदेह हैं। वे यह भी मानती हैं कि नेताओं की भाषा और लहजा संयत होना चाहिए। फोर्ट मिल में बोलते हुए उन्होंने कहा "हमें ऐसे हालात नहीं बनने देने चाहिए जिनमें हम किसी व्यक्ति से सिर्फ इसलिए नफरत करें क्योंकि उसके राजनैतिक विचार हमसे अलग हैं।हमें अपने देश में बढ़ते गुस्से और अलगाव को कम करना है। यह ठीक नहीं है, कम से कम युवाओं के लिए तो बिलकुल भी नहीं। उन्हें ऐसा नहीं बनना चाहिए। यह शुभ नहीं है।" उन्होंने घरों पर मालिकाना हक़, नौकरियों, कर्ज़ और युद्ध भडक़ने की आशंका जैसे मसलों पर चर्चा की। इन मुद्दों को देखिये और हैली के विचारों को समझिये तो आपको लगेगा कि घुटने न टेकने का उनका निर्णय सही है। हैली को यह भी लग रहा है कि शायद झ्र हालाँकि ऐसा होने की सम्भावना बहुत कम है झ्र ट्रंप को उनके खिलाफ चल रहे मुकदमों की वजह से चुनाव लड़ने के लिए अपात्र घोषित कर दिया जाए। इसलिए हैली को लगता है कि जब तक संभव हो तब तक दौड़ में बने रहना उनका कर्तव्य है।ऐसे सर्वेक्षण भी हुए हैं जिनमें मतदाताओं से यह पूछा गया कि अगर राष्ट्रपति चुनाव बाइडन बनाम हैली होते हैं तो वे किसे पसंद करेंगे और अगर उन्हें बाइडन और ट्रंप में से एक को चुनना हो तो वे किसे चुनेंगे। ऐसे सर्वेक्षणों में वे ट्रंप से आगे रही हैं। कुछ सर्वेक्षणों के अनुसार तो वे ट्रंप के मुकाबले 16 प्रतिशत आगे हैं।बहरहाल, निक्की हैली का मैदान में जमे रहना अपने आप में सफलता है। इस तथ्य के बावजूद कि उनके ट्रंप हो हराने की सम्भावना शून्य है, वे मतदाताओं पर अच्छा प्रभाव छोड़ रही हैं। और हो सकता है कि 2028 के चुनाव में वे सबसे आगे हों। मगर अब के लिए तो इस रीगन–समर्थक को सलाम। और वह इसलिए क्योंकि उन्होंने ट्रंप को देश को बर्बाद करने से रोकने की जीतोड़ कोशिश तो की। हैली को इसके लिए याद रखा जाएगा।

# 400—400 ही क्यों, 500 क्यों नहीं?

**हरिशंकर व्यास**

कहावत है थोथा चना, बाजे घना! और यह बात जनसंघ–भाजपा की राजनीति पर शुरू से लागू है। मेरी याद्दाश्त में यूपी में जनसंघ द्वारा अटल बिहारी वाजपेयी को मुख्यमंत्री बनाने का हल्ला करके विधानसभा चुनाव जीतने की हवाबाजी से लेकर 2004 में शाइनिंग इंडिया और अब विकसित भारत से 400 सीट का शोर इस बात का प्रमाण है कि ढोलबाजी में भाजपा का जवाब नहीं है।पिछले सप्ताह भाजपा का राष्ट्रीय अधिवेशन हुआ। और भाजपा के प्रतिनिधियों ने पार्टी की दशा पर नहीं सोचा। बूझा नहीं कि पार्टी किस तरह कांग्रेसियों, दलबदलुओं, सत्तालोलुपों से भरती हुई है। चाल, चेहरे, चरित्र में भूखी, नंगी होती हुई है। मगर प्रतिनिधिजन भक्ति में 400 सीटों का गुब्बारा लेकर घर लौटे। सब 400–400 के हल्ले से बम–बम हैं। पहली बात, 400 सीटें पा भी ली तो कौन सा कीर्तिमान बनना है? छप्पर फाड़ जीत और दस–पंद्रह साल के राज से भी क्या हो जाना है? और भाजपा को 400 सीटे मिल रही है या एनडीए को? और 415 सीटें तो 1984 में राजीव गांधी की कमान में अकेले कांग्रेस की जीती हुई है! कांग्रेस के जवाहरलाल नेहरू व इंदिरा गांधी ने 17–17 साल राज किया तो मोदी पंद्रह साल राज करें, अमित शाह बीस साल राज करें तो क्या हो जाएगा? बहरहाल, भाजपा और एनडीए की अनहोनी तब है जब नरेंद्र मोदी 400 से पार नहीं, बल्कि 500 से पार सीटें जीतने का रियल रिकॉर्ड बनाएं। इतना सब करने के बाद भी यदि पूरा भारत उनके चरणों में नहीं लोटे तो क्या मतलब होगा। फिर सबसे बड़ी बात जो उन्होंने खुद चुनाव में कांग्रेस के पूरी तरह डूबने की बाद कहीं हुई है। उसी के चलते सारे उपाय हैं। कांग्रेस चुनाव के लिए इक्ा हुआ पैसा खा लिया गया है। कांग्रेस और विपक्ष के कथित बड़े–महान नेता खरीद लिए गए हैं।

अकडू हेमंत सोरेन, अरविंद केजरीवाल जैसों को जेल में डाला जा रहा है। शरद पवार और उद्धव ठाकरे जैसे खुद्दारों से उनकी पार्टी छीन ली गई है। ममता बनर्जी, नवीन पटनायक, मायावती, जगन मोहन, चंद्रशेखर राव जैसों को कठपुतली बना कर नचा रहे हैं तो वही मीडिया हर एंगल से केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, तेलंगाना सभी ओर कमल को खिलता बतला रहा है। इसलिए क्यों नरेंद्र मोदी का अगला राजतिलक 500 सीटों से कम का हो? क्यों मोदी–शाह 400 सीटों पर अटके रहें!

सबसे बड़ा सवाल जब पूरा देश मोदी को वोट देने के लिए टूट पड़ रहा है तो भारत, उसके लोकतंत्र, चुनाव की विश्वसनीयता और खुद नरेंद्र मोदी की साख में ईवीएम मशीनों पर विरोधियों की शंका को दूर करने के लिए भला कागज के मतपत्रों से चुनाव कराने का फैसला क्यों नहीं होता? सांच को आंच नहीं की सनातनी परीक्षा में नरेंद्र मोदी को चुनाव आयोग से ईवीएम मशीनों के साथ वीपीपैट की कागजी स्लीप से भी मतगणना का ऐलान करा देना चाहिए। सोचें, विपक्ष लूला–लगंड़ा, अधमरा है।

विरोधी पप्पू लोगों के पास लड़ाई के तीर–कमान भी नहीं हैं। मतलब मैदान में विपक्ष का होना न होना बेमतलब है तो पहली बात मोदी–शाह को पांच सौ सीटे जीतने का विश्वास क्यों नहीं? चुनाव को ईवीएम की जगह मतपत्रों से करवाने का फैसला क्यों नहीं? इसलिए क्योंकि जमीन की रियलिटी वह नहीं है जो पालतू मीडिया से दिखलाई जा रही है। जरा 2019 के लोकसभा चुनाव के नतीजों के आईने में हिसाब लगाएं। तब 545 सीटों में से भाजपा को 303 सीटें और 37.7 प्रतिशत वोट मिले थे। भाजपा के एनडीए एलायंस की तब 351 सीटें और 38.5 प्रतिशत वोट थे। बाकी पार्टियों की कुल सीटें 194 में और उनका प्राप्त कुल वोट 61.5 था।इसलिए मई में भाजपा की 400 सीटें तब होगी जब वह 2019 के मुकाबले 97 सीट ज्यादा जीते। और एनडीए की 351 सीट तब 400 या पांच सौ पार हो सकती है जब उसे चुनाव में 50 या 151 सीटें और मिलें। इसका अर्थ है भगवा हवा के इपिसेंटर की 204 सीटों में भाजपा हर सीट जीते। फिर लड़ाई के मुकाबले वाले राज्यों की 207 सीटों में भाजपा कम से कम दो–तिहाई सीटें जीते। और विपक्षी गढ़ वाले राज्यों की 115 सीटों में आधी सीटें जरूर जीते तभी 400 पार का आंकड़ा बनता है। और ऐसा होना नहीं है। लेकिन मोदी है तो मुमकिन है!

# अरबाज खान की नई फिल्म गुल गुले बकावली का हुआ ऐलान, मोशन पोस्टर जारी



मलाइका अरोड़ा से तलाक लेने के बाद लगभग 6 साल बाद अरबाज खान ने बीते साल 24 दिसंबर को अपनी प्रेमिका और मेकअप आर्टिस्ट शूरा खान से निकाह किया था।शूरा से शादी के बाद अरबाज ने अपनी पहली फिल्म का ऐलान कर दिया है, जिसका नाम गुल गुले बकावली है।इस फिल्म दिग्गज अभिनेता संजय मिश्रा भी नजर आएंगे।अब निर्माताओं ने गुल गुले बकावली का पहला मोशन पोस्टर जारी कर दिया है, जो दिखने में बेहद दिलचस्प है। निकिता दत्ता और इला अरुण भी गुल गुले बकावली का महत्तवर्पूण हिस्सा हैं। फिल्म में राजू आशू, राजेश शर्मा और अखिलेंद्र मिश्रा भी अपनी अदाकारी की जादू चलाते दिखाई देंगे।इस फिल्म के निर्देशन की कमान राज आशू ने संभाली है तो वहीं एम शिव कुमार, अमित अवस्थी और पंचम सिंह इस फिल्म के निर्माता हैं।गुल गुले बकावली के बाद अरबाज नवाजुद्दीन सिद्दीकी की फिल्म सेक्शन 108 में नजर आएंगे। इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है।

रिलायंस एंटरटेनमेंट भारतीय फिल्म उद्योग के दिग्गजों में से एक है और इसने कई सफल फिल्मों का निर्माण किया है। कुछ समय पहले ही रिलीज हुई फिल्म ह्यदृश्यम 2ह्व भी रिलायंस एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी थी। गुल गुले बकावली मूवी की रिलीज की तारीख अभी तक घोषित नहीं की गई है। हालांकि, मोशन पोस्टर के रिलीज होने से यह संकेत मिलता है कि फिल्म जल्द ही सिनेमाघरों में दस्तक दे सकती है। गुल गुले बकावली मूवी की कहानी अभी तक सामने नहीं आई है, लेकिन मोशन पोस्टर से यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि यह एक हल्की–फुल्की कॉमेडी फिल्म हो सकती है। गुल गुले बकावली मूवी के मोशन पोस्टर को दर्शकों द्वारा काफी पसंद किया जा रहा है।

## बड़े मियां छोटे मियां का मस्त मलंग झूम हुआ रिलीज, सोनाक्षी संग झूमते नजर आए अक्षय—टाइगर



बॉलीवुड एक्टर्स अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की आने वाली फिल्म बड़े मियां छोटे मियां का दूसरा गाना मस्त मलंग झूम अब रिलीज हो गया है. यह फुट–टैपिंग और कैची नंबर में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ थिरकते नजर आ रह हैं. इस गाने को अरिजीत सिंह, विशाल मिश्रा और निखिता गांधी ने अपनी आवाज दी है जिससे गाना और भी अच्छा लग रहा है. इस गाने को विशाल मिश्रा ने कंपोज किया है, जबकि इरशाद कामिल ने इसके बोल लिखे हैं। इस गाने को अक्षय कुमार ने शेयर किया है.

काफी दिनों से अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की फिल्म बड़े मियां छोटे मियां के गानों का फैंस को इंतजार था जो अब लगभग पूरा होने वाला है. क्योंकि ईद अप्रैल 2024 को ये फिल्म रिलीज होगी. फिल्म देखने से पहले आपको इस फिल्म का गाना देखना चाहिए जो काफी मस्तीभरा है. मस्त मलंग झूम गाना बड़े मियां छोटे मियां के साउंडट्रैक के अलावा एक और फुट–टैपिंग का एडिशन है. इस गाने को दो लीड्स के बीच की एनर्जी और केमिस्ट्री को बेहतरीन दिखाता है. अक्षय ने इसे शेयर करते हुए लिखा, मस्त एनर्जी, बीट्स–मलंग, ग्रूव–झूम. ये टाइम है मस्त मलंग झूम के बीट पर डांस करने का. बड़े मियां छोटे मियां ईद पर रिलीज होगी. इस गाने में जहां आप टाइगर श्रॉफ का एनर्जी लेवल काफी अलग देखेंगे वहीं अक्षय कुमार भी अपने यंग को–स्टार को एनरजेटिक स्टेप्स दिखाते नजर आ रहे हैं। इस गाने में आप अक्षय–टाइगर का ब्रोमांस भी देख सकते हैं. बहुत जल्द फैंस की जुबां पर ये गाना चढ़ सकता है और लोगों को इसके कैची मूव्स दीवाना बना सकता है। पूजा एंटरटेनमेंट और एएजेड फिल्म्स ने फिल्म बड़े मियां छोटे मियां का निर्माण किया है वहीं इस फिल्म को अली अब्बास जफर डायरेक्ट किया है. ये फिल्म इस ईद रिलीज होगी लेकिन निर्धारित डेट नहीं बताई गई है। इस फिल्म में अक्षय और टाइगर के अलावा पृथ्वीराज सुकुमारन, सोनाक्षी सिन्हा, मानुषी छिल्लर, अलाया एफ और रोनित रॉय भी अहम किरदार निभाते नजर आएंगे.

## तेरा क्या होगा लवली का फर्स्ट लुक पोस्टर हुआ रिलीज, रणदीप हुड्डा और करण कुंद्रा

फिल्म तेरा क्या होगा लवली का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज हो गया है, जिसने दर्शकों को रोमांचित कर दिया है. इस फिल्म में करण कुंद्रा, रणदीप हुड्डा और इलियाना डिक्रूज मुख्य भूमिकाओं में हैं. फिल्म 8 मार्च 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज. होने वाली है. फिल्म का टाइटल और पोस्टर देखकर ऐसा लगता है कि फिल्म में कॉमेडी की भरमार होने वाली है. फिल्म में रणदीप पुलिस के किरदार में नजर आएंगे, जिसमें आपको पैसों की होरा फेरी भी देखने मिलेगी. बलविंदर सिंह जनजुआ द्वारा डायेरेक्टेड यह फिल्म 8 मार्च को सिनेमाघरों में दस्तक देगी. यह फिल्म रणदीप और इलियाना के बीच अभिनेताओं के रूप में पहली बार जुड़ाव को चिह्नित करती है, और दिखाती है कि सांवली त्वचा वाली लडक़ी, जो सामाजिक पूर्वाग्रह से ग्रस्त है, गोरी त्वचा के साथ समाज के जुनून की समस्या को दूर करने के लिए क्या करती है. इलियाना डिक्रूज ने कहा, मेरा मानना है कि ऐसी फिल्में जो आपको हंसा सकती हैं और एक मजबूत संदेश भी छोड़ सकती हैं ।

## नवारो सैन डिएगो ओपन के क्वार्टरफाइनल में

सैन डिएगो, अमेरिका की एम्मा नवारो ने सैन डिएगो ओपन में कतेरीना सिनियाकोवा को 6–3, 3–6, 6–1 से हराकर सीजऩ के अपने तीसरे क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। इस महीने नवारो की सिनियाकोवा पर यह दूसरी जीत है, जिसने दुबई टेनिस चैंपियनशिप में चेक खिलाड़ी को तीन सेटों में हराया था। सीजऩ के अपने तीसरे सेमीफाइनल और सैन डिएगो के पिछले पतन के बाद पहली बार डब्ल्यूटीए 500 में जगह बनाने के लिए नवारो का सामना शुक्रवार को ऑस्ट्रेलियाई क्वालीफायर डारिया सैविले से होगा। 22 वर्षीय खिलाड़ी ने जनवरी में होबार्ट में अपना पहला डब्ल्यूटीए खिताब जीता और इस सीजऩ में पहले ही 14 मुख्य ड्रॉ जीत चुकी हैं। एटीपी के अनुसार, वह इस सीजऩ में तीसरी सबसे अधिक जीत के मामले में विश्व नंबर 1 इगा स्विएटेक के साथ बराबरी पर हैं और केवल एलेना रयबाकिना (17) और जेलेना ओस्टापेंको (16) से पीछे हैं। इससे पहले दिन में, नंबर 7 वरीयता प्राप्त क्रोएशिया की डोना वेकिक ने कनाडाई किशोरी मरीना स्टाकुसिक के साहसिक प्रयास को विफल करते हुए 6–4, 3–6, 6–3 से जीत दर्ज करके क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। 2022 सैन डिएगो उपविजेता वेकिक को 283वें नंबर के क्वालीफायर 19 वर्षीय स्टाकुसिक पर काबू पाने में ठीक 2 घंटे लगे और एक महीने बाद लिंज़ में अपने सेमीफाइनल प्रदर्शन के बाद सीजऩ के अपने दूसरे क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। पहले। क्वार्टर फाइनल में उनका मुकाबला ग्रेट ब्रिटेन की केटी बोल्टर से होगा। वेकिक और 49वीं रैंकिंग वाले बोल्टर के बीच यह पहली भिड़ंत होगी, जिन्होंने बुधवार को नंबर 2 वरीयता प्राप्त बीट्रिज़ हद्दाद माइया को हराया था।

## संतोष ट्रॉफी 2024: मणिपुर, दिल्ली, रेलवे ने क्वार्टर फाइनल में बर्थ पक्की की

इटानगर (अरुणाचल प्रदेश),यहां के गोल्डन जुबली स्टेडियम में गुरुवार को मणिपुर, दिल्ली और रेलवे ने संतोष ट्रॉफी 2024 के लिए राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में अपना स्थान पक्का कर लिया। छह टीमें क्वार्टर फाइनल में दो स्थानों के लिए दौड़ में हैं। नीचे की तीन टीमों – मिजोरम, महाराष्ट्र और कर्नाटक को 2 मार्च को ग्रुप के अपने–अपने आखिरी मैचों में अंतिम स्थान के लिए लडऩा होगा। मणिपुर ने मिजोरम के खिलाफ 4–1 की बड़ी जीत के साथ ग्रुप बी तालिका में शीर्ष पर अपनी बढ़त बनाए रखी; वे अब 10 अंकों के साथ समूह में शीर्ष पर हैं।

इस बीच, दिल्ली और रेलवे दोनों अब सात–सात अंक पर हैं और इस तरह उन्होंने अंतिम आठ में अपना स्थान पक्का कर लिया है। ग्रुप ए में चार क्वार्टर फाइनलिस्ट पहले ही तय हो चुके हैं, केवल एक नॉकआउट स्थान बचा है, जो ग्रुप बी में मिजोरम (चार अंक), महाराष्ट्र (तीन अंक) और कर्नाटक (दो अंक) के बीच खेला जाएगा। रेलवे कर्नाटक से आगे निकल गया है।

रेलवे ने गत चैंपियन कर्नाटक को 1–0 से हराकर क्वार्टर फाइनल के लिए अपनी योग्यता की पुष्टि की। सुब्रत मुर्मू (53) ने खेल का एकमात्र गोल दूसरे हाफ में किया, जिससे कर्नाटक को हार का सामना करना पड़ा, जिससे उनकी क्वार्टर फाइनल की संभावनाएं गंभीर खतरे में पड़ गईं, क्योंकि वे चार मैचों में केवल दो अंक ही जुटा पाए हैं। रेलवे ने क्वार्टर फाइनल का टिकट सुरक्षित कर लिया है, लेकिन ग्रुप में बेहतर स्थिति के लिए वह मिजोरम के खिलाफ अपने आखिरी गेम में अधिकतम अंक हासिल करना चाहेगा। गत विजेता हताश थे, उन्हें तीन अंकों की जरूरत थी और उन्होंने मैच भी उसी तरह खेला। रवि बाबू राजू द्वारा प्रशिक्षित, जिन्होंने उन्हें रियाद में पिछले सीजन में खिताब दिलाया था, उन्होंने रेलवे की रक्षा पर लगातार हमलों के साथ मैच की शुरुआत की।

फारवर्ड निखिल राज मुरुगेश कुमार क्वार्टर–घंटे के बाद उन्हें बढ़त दिलाने के बहुत करीब आ गए, जब उन्होंने रेलवे की रक्षा के भीतर कुछ भ्रम का फायदा उठाते हुए एक खाली गोल पर अपना शॉट लगाया, लेकिन उनका प्रयास पोस्ट से बाहर हो गया।

विनिथ वेंकटेश ने रिबाउंड पर छलांग लगाई, लेकिन रेलवे के गोलकीपर अनुपम सिन्हा ने उसे रोक लिया और एक पॉइंट–ब्लैंक बचा लिया। रेलवे डिफेंस ने स्कोर बराबर बनाए रखने के लिए अपना संघर्ष जारी रखा, और आधे घंटे के निशान के थोड़ी देर बाद, डिफेंडर मोनिश मजूमदार ने बैक–टू–बैक ब्लॉक बनाने के लिए बहुत जागरूकता दिखाई, पहले सिक्स के अंदर से निखिल राज द्वारा बैक–फ्लिक पर यार्ड बॉक्स, और फिर विशाल आर द्वारा रिबाउंड के प्रयास से।

गोलकीपर सिन्हा ने एक लंबी छलांग लगाई, जिसे सिरों के झुंड ने गिरा दिया, क्योंकि सुब्रत मुर्मू गेंद की ओर दौड़े, उन्होंने कर्नाटक के सेंटर–बैक प्रबीन तिग्गा को छकाया और फिर फ्लिक करने से पहले उसे बाहर और फिर अंदर घुमाने के लिए आगे बढ़े। गेंद उसके बूट के बाहरी हिस्से से गोल में गई।

अंतिम मिनटों में कप्तान गौतम कुजूर को स्ट्रेचर पर ले जाना पड़ा, क्योंकि वह टैकल में खराब स्थिति में थे, लेकिन गोलकीपर सिन्हा ने चोट के समय में बचाव करते हुए टीम के लिए एक रन लिया। कर्नाटक के स्थानापन्न डी. शेल्टोहन पॉल ने लंबी दूरी से एक प्रहार किया, क्योंकि सिन्हा पीछे हट गए और गेंद को क्रॉसबार पर मारकर बाहर कर दिया। हालांकि, इस प्रक्रिया में सिन्हा स्वयं पोस्ट से टकरा गए।

## न्यूजीलैंड बनाम ऑस्ट्रेलिया: कैमरून ग्रीन ने खेली 174* रन की शानदार पारी, बना दिए कई रिकॉर्ड्स

नईदिल्ली, ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के स्टार ऑलराउंडर खिलाड़ी कैमरून ग्रीन ने न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में 174* रन की शानदार पारी खेली।उन्होंने आखिरी विकेट के लिए जोश हेजलवुड के साथ 116 रन जोड़े। इसी के कारण कंगारू टीम ने पहली पारी में 383 रन बनाने में सफल रही।ग्रीन के अलावा कोई और ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज 45 रन भी नहीं बना पाया। ऐसे में आइए उनकी पारी और रिकॉर्ड्स पर एक नजर डालते हैं। ऑस्ट्रेलिया ने पहले विकेट के लिए 61 रन जोड़े थे। इसके बाद टीम के 4 बल्लेबाज सिर्फ 89 रन तक पवेलियन लौट गए।ग्रीन जो नंबर–4 पर बल्लेबाजी करने आए थे उन्होंने मिचेल मार्श (40) के साथ 67 रन की साझेदारी निभाई।मार्श के आउट होने के बाद भी कंगारू टीम का यह ऑलराउंडर अच्छी बल्लेबाजी करता रहा और टीम को 250 के पार पहुंचाया। पहला दिन समाप्त होने के समय वह 103 रन बनाकर नाबाद वापस लौटे। पहले दिन ऑस्ट्रेलिया के 9 बल्लेबाज पवेलियन लौट गए थे। ऐसे में न्यूजीलैंड की टीम दूसरे दिन जल्द से जल्द कंगारू



टीम की पारी खत्म करना चाहती थी।हालांकि, उन्होंने जैसे सोचा था वैसा हुआ नहीं और हेजलवुड के साथ ग्रीन ने 116 रन की रिकॉर्ड साझेदारी निभाई। ग्रीन ने 275 गेंद का सामना किया और नाबाद 174 रन बनाए। उनके बल्ले से 23 चौके और 5 छक्के निकले।हेजलवुड ने 22 रन बनाए। न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में 10वें विकेट के लिए यह सबसे बड़ी साझेदारी है। ग्रीन और हेजलवुड ने ग्लेन मैकग्रा और जेसन गिलेस्पी को पीछे छोड़ा है।दोनों ने साल 2004 के ब्रिसबेन टेस्ट मैच में 114 रन जोड़े थे। ग्रीन और हेजलवुड ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 10वें विकेट के लिए चौथी सबसे बड़ी साझेदारी भी निभाई।दोनों कंगारू टीम की छठी जोड़ी हैं, जिन्होंने 10वें विकेट के लिए 100 से ज्यादा रन जोड़े हैं। ग्रीन ने अपने टेस्ट करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी खेली है। इसके अलावा उन्होंने न्यूजीलैंड की सरजमीं पर नाबाद रहते हुए ऑस्ट्रेलिया के लिए दूसरी सबसे बड़ी पारी खेली है।उनके आगे अब सिर्फ ग्रैग चैपल हैं, जिन्होंने साल 1974 के वेलिंगटन टेस्ट मैच में नाबाद 247 रन बनाए थे।ग्रीन ने इस मैच के अलावा एकमात्र शतक भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाफ अहमदाबाद में पिछले साल लगाया था। उन्होंने 114 रन की पारी खेली थी। ग्रीन ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 27 टेस्ट मैच खेले हैं। इसकी 40 पारियों में उन्होंने 5 बार नाबाद रहते हुए 1,313 रन बनाए हैं।

# अल्मोड़ा मेडिकल कॉलेज में फेको विधि से मोतियाबिंद के ऑपरेशन शुरू



अल्मोड़ा। समय के साथ अल्मोड़ा मेडिकल कॉलेज की सुविधाएं बेहतर होती जा रही हैं। अल्मोड़ा मेडिकल कॉलेज ने एक और उपलब्धि अर्जित की है। अल्मोड़ा मेडिकल कॉलेज में जनपद के किसी सरकारी अस्पताल में पहली बार फेनोमेनल मशीन द्वारा फेको विधि से ऑपरेशन शुरू हो गए हैं। वर्तमान में अल्मोड़ा मेडिकल कॉलेज में सफेद मोतियाबिंद के ऑपरेशन फेको विधि के माध्यम से हो रहे हैं। पिछले तीन दिनों में अल्मोड़ा मेडिकल कॉलेज में फेको विधि से 24 मरीजों की आंखों का ऑपरेशन किया गया। मेडिकल कॉलेज में नेत्र विभाग प्रमुख डॉक्टर दास ने बताया कि फेको विधि से अल्मोड़ा जनपद में पहली बार अल्मोड़ा मेडिकल कॉलेज में फेको तकनीक के माध्यम से आंखों के सफेद मोतियाबिंद के ऑपरेशन हुए हैं। इस विधि में में बहुत महीन चीरे के साथ सफ़ेद मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया जाता है और मरीज की दृष्टि में जल्द सुधार आता है। वहीं मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर सी पी भैसोड़ा ने कहा कि मेडिकल कॉलेज और जनपद के लिए खुशी की बात है कि यह फेनोमेनल मशीन द्वारा यह ऑपरेशन हो रहे हैं जिसका लाभ गरीब तबके को मिलेगा। उन्होंने बताया कि आयुष्मान योजना के तहत यह ऑपरेशन निशुल्क है एवं बिना आयुष्मान के मरीज को करीब दो हजार रूपये लेंस का खर्चा आता है वहीं निजी अस्पतालों में इस ऑपरेशन का खर्चा करीब तीस हजार से अधिक का आता है। उन्होंने सफ़ेद मोतिया के मरीजों से मेडिकल कॉलेज की सुविधा का लाभ लेने की अपील की है। यहाँ ऑपरेशन में नेत्र विभाग के प्रमुख डॉ दासगुप्ता, डॉ दर्शिका रावत एवं अन्य स्टाफ का सहयोग रहा।

## अवैध शराब के साथ पुलिस ने 2 किए गिरफ्तार

अल्मोड़ा। जनपद में पुलिस ने दो क्षेत्रों से शराब बरामद की है। एसएसपी देवेंद्र पींचा के निर्देशों पर इन दिनों पुलिस जिले में लगातार अवैध शराब की तस्करी के विरुद्ध अभियान चला रही है और जगह–जगह पर अभियान चलाते हुए पुलिस ने कई आरोपियों को गिरफ्तार भी कर लिया है। विदित हो कि पुलिस का अवैध शराब के खिलाफ अभियान जारी है। थाना अध्यक्ष जसविंदर सिंह के नेतृत्व में मासी क्षेत्र में चेकिंग के दौरान पटलगांव के पास चंदन सिंह निवासी असेटी चौखुटिया से 120 पव्वे बरामद हुए हैं इसके अलावा धौलछीना थाना अध्यक्ष सुशील कुमार के नेतृत्व में जमरानी बैंड के पास चेकिंग के दौरान नंदन सिंह निवासी कनारीछीना से 96 पव्वे देसी शराब के पुलिस ने बरामद किए हैं तथा दोनों के खिलाफ पुलिस ने आबकारी एक्ट में मुकदमा दर्ज कर दिया है इसके साथ ही पुलिस का कहना है कि उनका यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

# एसएसजे विवि अल्मोड़ा की शोधछात्रा संगीता को मिला यंग साइंटिस्ट अवार्ड

अल्मोड़ा। सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय के अल्मोड़ा कैंपस की शोध छात्रा संगीता रावत ने एक नया परजीवी कीट खोजा है। इस बेहतर शोध कार्य के लिए यूकॉस्ट द्वारा संगीता रावत को यंग साइंटिस्ट अवार्ड से नवाजा गया। सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय अल्मोड़ा के जंतु विज्ञान विभाग की शोध छात्रा संगीता रावत ने नाशी जीवों के परजीवी कीटों की जैव विविधता पर उत्कृष्ट शोध कार्य किया है।

जंतु विज्ञान विभाग के डॉ. संदीप कुमार के निर्देशन में शोधरत संगीता रावत ने अब तक के अपने शोध कार्य को गत 8–9 फरवरी को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (यूकॉस्ट) उत्तराखंड द्वारा आयोजित संगोष्ठी में प्रस्तुत किया। शोधार्थी ने बताया कि उन्हें एक नया परजीवी कीट को खोजा है। यह कीट मधुमक्खी/ततैया समूह के प्राणियों का करीबी है, जिसे चलसीट वेस्प कहा जाता है। यह परजीवी कीट अर्जुन की पत्तियों में गांठ बनने वाले कीटों से मिला है। अर्जुन के पत्तियों को विभिन्न रोगों के उपचार में प्रयोग किया जाता है। गांठ बनाने वाले कीट के प्रकोप से अर्जुन पेड़ के विभिन्न शाकीय एवं काष्ठीय भागों की गुणवत्ता में कमी आ जाती है। संगीता के शोध कार्य की विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सतपाल सिंह बिष्ट ने सराहना की है और इसके लिए डा. संदीप कुमार व शोध छात्रा संगीता को शुभकामनाएं देते हुए उनके कार्य को विश्वविद्यालय के लिए गौरव की बात बताया है। इस उपलब्धि पर डॉ. मुकेश सामंत, डॉ. आरसी मौर्य, विश्वविद्यालय और परिसर परिवार के शिक्षकों ने खुशी जाहिर की है।

## बीपीएल सर्वे के निर्देश जल्द जारी करे सरकार

अल्मोड़ा। राज्य आंदोलनकारियों ने उत्तराखंड में अविलम्ब बीपीएल सर्वे कराए जाने की मांग की है। मामले को लेकर मुख्यमंत्री और संबंधित मंत्री को पत्र भेजा है। पत्र में कहा कि कुछ माह पूर्व राज्य आंदोलनकारियों ने केंद्र व राज्य सरकार को राज्य में बीपीएल कार्ड में नाम चढ़ाने के लिए आवेदन किया था। कहा कि राज्य सरकार की ओर से बीपीएल सर्वे में हो रही हीला हवाली से उत्तराखंड के लाखों लोग बीपीएल श्रेणी के लाभ से वंचित हो रहे हैं। उन्होंने जल्द बीपीएल सर्वे कराने के निर्देश जारी करने की मांग की है। यहां ब्रह्मानन्द डालाकोटी, शिवराज बनौला, दौलत सिंह के हस्ताक्षर हैं।

# मानदेय व प्रोत्साहन राशि के लिए उपनल कर्मियों का प्रदर्शन



बागेश्वर। कोविडकाल में स्वास्थ्य विभाग में उपनल के माध्यम से रखे गए कर्मियों को एक साल बाद भी प्रोत्साहन राशि नहीं दी गई। इसके अलावा एक महीने का वेतन भी रुका हुआ है। इस पर कर्मियों ने कड़ी आपत्ति जताई है। नाराज कर्मचारियों ने विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया। जल्द मांग पूरी नहीं होने पर डीएम कार्यालय में धरना देने की चेतावनी दी है। संगठन से जुड़े लोग शुक्रवार को नुमाईशखेत मैदान में एकत्रित हुए। यहां नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि एक साल से उनको नौकरी से बाहर किया गया है। अभी तक उनका रुका हुआ एक माह की वेतन नहीं दिया गया है। प्रोत्साहन राशि देने की बात सरकार ने की, लेकिन आज तक उसका भुगतान नहीं हो पाया है। सरकार द्वारा उपनल कर्मचारियों को नौकरी देने की बात कही जा रही है, लेकिन कब उनको नौकरी में बहाल किया जाएगा इस पर अभी तक ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। उन्होंने कहा कि जल्दी ही अगर उनको नौकरी नहीं दिया जाता है तो फिर से डीएम कार्यालय में धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। अध्यक्षता संजय कन्नोजिया ने की।

## दस दिन में मांगें पूरी न होने पर आंदोलन की चेतावनी

रुद्रपुर। श्रमिक संयुक्त मोर्चा ने कहा कि 10 मार्च तक शासन ने उनकी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया है। उन्होंने निर्धारित तिथि तक मांगों का समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। मोर्चा के अध्यक्ष दिनेश तिवारी, महासचिव चंद्र मोहन लखेड़ा ने कहा कि 4 मार्च को श्रम भवन रुद्रपुर में धरना और घेराव का कार्यक्रम रखा गया था, जिसे फिलहाल स्थगित कर दिया गया है।शुक्रवार को पत्रकार वार्ता में मोर्चा के सदस्यों ने कहा कि वर्तमान में गैर कानूनी बर्खास्तगी और श्रमिक शोषण के खिलाफ सिडकुल की कई कंपनियों में मज़दूर संघर्षरत हैं। लुकास टीवीएस के मज़दूर यूनियन बनाने के बाद से ही मजदूर प्रबंधन के दमन के शिकार हैं। कई लोग बर्खास्त हैं और मांग पत्र भी लंबित हैं। पिछले 92 दिनों से लगातार धरने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हो रही है। इंटरार्क पंतनगर और किच्छा प्लांट के मज़दूरों का जिला स्तरीय प्रशासनिक कमेटी की ओर से कराए गए समझौते का और श्रम न्यायालय, लोक अदालत के आदेशों का अनुपालन नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य का एक प्रमुख औद्योगिक केंद्र होने के बावजूद श्रम भवन रुद्रपुर में कोई भी सक्षम अधिकारी नहीं है। नियमित उप श्रम आयुक्त नहीं है। इस मौके पर मजदूर सहयोग केन्द्र के अध्यक्ष मुकुल, दिनेश चंद्र तिवारी, चंद्र मोहन लखेड़ा आदि मौजूद रहे।

# तुन की लकड़ी की तरस्करी का आरोपी गिरफ्तार



बागेश्वर। लोकसभा चुनाव को लेकर जिले की पुलिस व एसओजी की टीम अलर्ट मोड में है। टीम ने तुन की लकड़ी की तस्करी के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

जिस वाहन में यह लकड़ी ढोई जा रही थी उसे सीज कर दिया है। शुक्रवार को थाना कपकोट क्षेत्र में प्रभारी एसओजी के नेतृत्व में चेकिंग कर रही थी। इस दौरान रात्रि लगभग ढाई बजे डिग्री कालेज कपकोट से लगभग 100 मीटर आगे सड़क के किनारे एक पिकअप वाहन खड़ा था, जिसमें दो व्यक्ति लकड़ी की बल्ली (स्लीपर) लादते दिखाई दिए। जो पुलिस को देखकर भागने लगे, जिसमें से एक व्यक्ति को आवश्यक बल प्रयोग कर पकड़ लिया।

दूसरा अंधेरे का लाभ उठाकर मौके से फरार हो गया। पकड़े गये व्यक्ति से पूछताछ करने पर अपना नाम 25 वर्षीय हिमाशुं साही पुत्र हयात सिंह निवासी ग्राम असौं, थाना कपकोट बताया। जिसके कब्जे से सात बल्ली (स्लीपर) तुन की अवैध लकड़ी बिना कागजात पिकअप वाहन में बरामद हुई।

आरोपी को पुलिस टीम द्वारा मौके से अवैध लकड़ी के साथ गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध थाना कपकोट में आईपीसी की धारा 26, 52 भारतीय वन अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया'। पिकअप संख्या सीए– 0– 126 को कब्जे में लेकर सीज कर दिया है। लकड़ी पकड़ने वाली टीम में एसओजी प्रभारी प्रह्लाद सिंह, आरक्षी रमेश सिंह, भुवन बोरा, संतोष सिंह आदि शामिल थे। पुलिस ने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# सड़क पर डामर नहीं किया तो नहीं करेंगे मतदान



चम्पावत। बाराकोट के बर्दाखान–बिसराड़ी सड़क मार्ग की बदहाली से ग्रामीणों का गुस्सा फूटा। उन्होंने संबंधित विभाग के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। चेतावनी दी कि अगर समय रहते सड़क की हालत ठीक नहीं हुई तो वह लोस चुनाव में मतदान का बहिष्कार करेंगे।

शुक्रवार को ज्येष्ठ उप प्रमुख नंदाबल्लभ बगौली और ग्राम प्रधान निर्मल नाथ के नेतृत्व लोगों ने प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि 2005 में लोनिवि ने बदार्खान से बिसराड़ी तक साढ़े पांच किमी सड़क काटी। 19 साल बीतने के बाद भी सड़क में दोबारा डामरीकरण नहीं हुआ। जबकि कई सालों से सड़क बुरे हालात में है। बदहाल सड़क पर ग्रामीण जान जोखिम में डालकर आवाजाही कर रहे हैं। गड्ढे होने के कारण वाहनों के इंजन जमीन से लगकर टूट रहा है। कहा कि डीएम और मुख्यमंत्री से शिकायत के बाद भी अफसर नहीं सुन रहे। उन्होंने तय किया कि अगर लोस चुनाव से पहले डामरीकरण नहीं होता है तो गांव के लोग चुनाव में मतदान नहीं करेंगे। लोनिवि के एई राजेंद्र गिरी ने बताया कि सड़क पर डामरीकरण का प्रस्ताव शासन में भेजा गया है। यहां कैलाश सिंह, रंजीत सिंह, पवन कुमार, रोहित सिंह आदि रहे।

## 6 माह गैरसैंण में राजधानी संचालित करने की मांग

अल्मोड़ा। राज्य आंदोलनकारियों ने मुख्यमंत्री उत्तराखंड को पत्र लिखकर पूर्व सरकार की घोषणा के अनुरूप ग्रीष्म काल में 6 माह राजधानी गैरसैंण ले जाने की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि राज्य आंदोलनकारियों, शहीदों के सपनों की राजधानी गैरसैंण बनाने के लिए राज्य में बारी बारी सत्ता में आई कांग्रेस और भाजपा सरकारें कभी राजधानी चयन आयोग बनाकर, कभी गैरसैंण में आवश्यक ढांचा सुविधाएं न होने की बात कर स्थाई राजधानी के मामले को लटकाती रही। यहीं नहीं वहाँ आहूत सत्र भी कभी भारी बारिश, कभी ठंड का बहाना कर स्थगित करती रही। लेकिन अब जब वहां विधानसभा सहित आवश्यक ढांचा बन चुका है तथा भाजपा की पूर्व सरकार गैरसैंण को ग्रीष्मकालीन राजधानी घोषित कर चुकी है तो ग्रीष्म काल में 06 माह के लिए गैरसैंण से राजधानी का कार्य संचालित हो।

# किच्छा में कांग्रेस महिला मोर्चा ने निकाली न्याय यात्रा




रुद्रपुर। कांग्रेस महिला मोर्चा की कार्यकत्रियों ने नगर में न्याय यात्रा निकाली। इस दौरान उन्होंने भाजपा सरकार पर महिला विरोधी होने का आरोप लगाया।शुक्रवार को कांग्रेस महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष रेखा सोनकर की अगुवाई में वार्ड एक में न्याय यात्रा निकाली गई। इस दौरान कांग्रेस महिला मोर्चा की नगर अध्यक्ष सिमरनजीत कौर ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में महिलाओं पर अत्याचार के मामलों में बढ़ोतरी हुई है। न्याय यात्रा की शुरुआत वार्ड एक से की गई।

कांग्रेसी महिलाओं ने घर–घर जाकर महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के साथ ही भाजपा सरकार में महिलाओं पर बढ़ रहे अत्याचारों के बारे में बताया। इससे पूर्व, आयोजित बैठक में जिलाध्यक्ष रेखा सोनकर की संस्तुति पर कलावती को नगर उपाध्यक्ष, पूजा बिष्ट को महामंत्री, हेमा पांडे को सचिव मनोनीत किया गया। इस मौके पर प्रदेश महामंत्री सुनीता कश्यप, पुष्प लता तिवारी, हेमा नेगी, हेमा पांडे, सुधा जोशी, कलावती, सुमन, सुखरानी, राजू देवी, गीता देवी, पूजा बिष्ट, सावित्री देवी आदि मौजूद रहीं।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का कार्य बहिष्कार जारी



रुद्रपुर। पांच सूत्रीय मांगों को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार शुक्रवार को भी जारी रहा। न्यूनतम मानदेय 18 हजार प्रतिमाह करने, रिटायरमेंट पर दो लाख रुपये देने का प्रावधान करने, इंटर पास आंगबाड़ी कार्यकत्रियां को 50 वर्ष की उम्र के बाद मानदेय बढ़ाने, गोल्डन कार्ड जारी करने, मिनी आंगनबाड़ी उच्चीकरण का जीओ जारी करने की मांगों को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकत्री, सेविका मिनी कर्मचारी संगठन का अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार पिछले सोमवार से शुरू हुआ था।

आरोप लगाया कि लंबे समय से आंदोलन कर रहे हैं, लेकिन शासन–प्रशासन कोई सुनवाई नहीं कर रहा है।

## लोकसभा चुनाव में एसटी गांव में बनेंगे विशेष बूथ

बागेश्वर। इस बार लोकसभा चुनाव में अनुसूचित जनजाति गांवों में विशेष बूथ बनाए जाएंगे। इसके लिए अभी तक थाला गांव चयनित हुआ है। स्वीप की टीम ने गांव में जाकर शत–प्रतिशत मतदान के लिए जन–जागरूकता कार्यक्रम चलाया। ग्रामीणों ने टीम के साथ झोड़ा, चाचरी का गायन किया। कठपुतली के माध्यम से मतदान की जानकारी दी। स्वीप टीम के सहायक नोडल अधिकारी आलोक पांडेय ने बताया कि चुनाव आयोग के द्वारा लोकसभा चुनाव को लेकर जागरूकता कार्यक्रम लगातार चलाया रहा है।

इस बार जनजातीय गावों में विशेष जागरूकता अभियान चलाए जाने हेतु निर्देशित किया गया है। जहां विशेष बूथ भी बनाया जाएगा। जिले में स्वीप टीम का लक्ष्य मतदान प्रतिशत को राष्ट्रीय ओसत मतदान 75 प्रतिशत तक ले जाना है।

# चम्पावत में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने प्रदर्शन किया



चम्पावत। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। उन्होंने मानदेय समेत चार सूत्रीय मांगों को पूरा करने को लेकर मुख्यमंत्री को पत्र भेजा है। मांगों पर कार्यवाही नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। चम्पावत तहसील में शुक्रवार को आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने प्रदर्शन किया। ब्लॉक संगठन मंत्री शशिप्रभा के नेतृत्व में कार्यकत्रियों ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया। उन्होंने कहा कि संगठन लंबे समय से 18 हजार रुपये मासिक मानदेय देने और 50 साल पूरे होने पर प्रतिवर्ष मानदेय बढ़ाने की मांग कर रहा है। इसके अलावा उन्होंने सेवानिवृत्ति पर दो लाख रुपये देने, कार्यकत्रियों व सहायिकाओं को गोल्डन कार्ड जारी करने और मिनी आंगनबाड़ी केंद्रों का उच्चीकरण करने की मांग की। प्रदर्शन करने वालों में तुलसी सेठी, हेमा, प्रवीणा, गीता आर्या, भुवनेश्वरी, राजेश्वरी, दीपा बिष्ट, दीपाज्योति आदि शामिल रहीं।

**टनकपुर में कार्यकत्रियों ने किया प्रदर्शन**

टनकपुर। टनकपुर तहसील में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने सांकेतिक धरना–प्रदर्शन किया। उन्होंने पांच सूत्रीय मांगों को लेकर एसडीएम के माध्यम से सीएम को ज्ञापन भेजा। ब्लॉक अध्यक्ष गीता चंद ने एसडीएम आकाश जोशी को ज्ञापन सौंपा। यहां ब्लॉक प्रभारी सरोज मोनी, संगठन मंत्री गोविंदी पंत, उपाध्यक्ष गोविंदी मेहता, अनीता मतोलिया, जानकी भट्ट, भगवती देवी, सुमित्रा परगांई, विमला चौड़ाकोटी, प्रियंका, दीया शर्मा, दुर्गा देवी आदि रहे।

# चार साल से रोके गए वेतन को दिए जाने की मांग



चम्पावत। अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ ने चार साल से रुके वेतन को दिए जाने सहित कुल सात सूत्रीय मांग की है।

उन्होंने इस संबंध में ईओ को ज्ञापन सौंपा। शुक्रवार को अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ के अध्यक्ष राजपाल के नेतृत्व में सफाई कर्मियों ने ईओ दीपक चंद्र बुड़ाकोटी को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि साल 2014 से 2018 के मध्य रुके वेतन को दिए जाने, कांफ्रेंस हॉल की स्थापना किए जाने, पर्यावरण मित्रों की संख्या बढ़ाई जाने, एक पहिया वाहन दिए जाने, महिलाओं को प्रसूति अवकाश दिए जाने सहित तमाम मांग की है।

उन्होंने मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। यहां प्रमोद रत्नाकर, राज किरन, नन्हेंलाल, अर्जुन, सागर, सुनील, राजेंद्र, वीरपाल, राधेश्याम, अमर आदि रहे।

## टनकपुर में रोडवेज इंप्लाइज यूनियन का धरना जारी

चम्पावत। टनकपुर में उत्तराखंड रोडवेज इंप्लाइज यूनियन का आरएम कार्यालय में धरना–प्रदर्शन जारी रहा। उन्होंने परिचालकों की प्रोन्नति किए जाने की मांग की है।शुक्रवार को चौथे दिन भी उत्तराखंड रोडवेज इंप्लाइज यूनियन के क्षेत्रीय संरक्षक वीरेंद्र पुरी के नेतृत्व में कर्मियों का आरएम कार्यालय में धरना–प्रदर्शन जारी रहा। क्षेत्रीय संरक्षक पुरी ने बताया कि वह लोग एक माह से परिचालक पद से बुकिंग लिपिक पर पद प्रोन्नति किए जाने की मांग कर रहे हैं। कहा कि परिचालक पद से बुकिंग लिपिक, कार्यालय सहायक द्वितीय पद में पदोन्नति के लिए आरएम कार्यालय से पदोन्नति पर अनुमोदन नहीं दिया जा रहा है। बताया कि एक परिचालक राजेश मिश्रा इसी माह सेवानिवृत होने वाले हैं। बताया कि उन्हें प्रोन्नति का लाभ नहीं मिलने से उनको आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा।

# 'बालिकाओं की शिक्षा में ही समाज की तरक्की'

रुद्रपुर। मदरसा फातिमा जहरा की 12वीं सालाना तहफ्फुजे शरियत कॉन्फ्रेंस शानो शौकत के साथ आयोजित की हुई। इसमें बड़ी सुख्या में खटीमा,रामपुर तथा आसपास की महिलाओं ने शिरकत की। कॉन्फ्रेंस में इस बात पर जोर दिया गया कि बच्चियों की तालीम और तरबियत करना इस दौर में एक अहम जिम्मेदारी है।गुरुवार देर रात आयोजित कार्यक्रम में रामपुर से तशरीफ लाईं खतीबा कहकशा नूरी अमजदी ने कहा कि पर्दा और हिजाब इस्लाम का हिस्सा है। हिजाब महिलाओं की तरक्की में बाधा नहीं डाल सकता। महिलाएं हिजाब में रहकर भी शिक्षित हो सकती हैं। खतीबा तूबा फातिमा अमजदी रामपुर ने भी महिलाओं को अपने हुकूक की जानकारी रखने के अपील की। खतीबा निशा फातिमा मुत्अल्लिमां गुलशन–ए–फातिमा न्यूरिया ने अपनी तकरीर के दौरान कहा कि इस दौर में बच्चियों की तालीम और तबियत बहुत ही अहम जिम्मेदारी का काम है। प्रबंधक मदरसा फातिमा जहरा मौलाना अमानुल हक कादरी ने बताया की हम बालिकाओं की अच्छी शिक्षा के लिए दिन–रात मेहनत कर रहे हैं और हम यहां मजहबी तालीम के साथ दुनियावी तालीम पर भी जार दे रहे हैं। दीनियात के साथ साथ हिंदी, अंग्रेज़ी, गणित, विज्ञान और कंप्यूटर आदि की शिक्षा हमारे यहां अनिवार्य है। कॉन्फ्रेंस में मुख्य रूप से आलिमा समरीन फातिमा,मुस्कान फातिमा आदि मौजूद रहीं।

## चार सड़कों को स्वीकृति

चम्पावत। विधायक खुशाल सिंह अधिकारी के प्रयास से लोहाघाट विस में चार सड़कों को प्रशासकीय स्वीकृति मिली है। शुक्रवार को विधायक अधिकारी ने बताया कि शासन ने 3.74 लाख रूपये की लागत से बालातड़ी के गोलचौड़ा बैंड से खरहीं मटकनी, तुंगीधार–सकदेना–टाकबलवाड़ी, तिमलागूंठ सिल्योडीगूंठ मोटर मार्ग में चौड़ागूंठ के तोक अल्यूरा तक सड़क निर्माण और 24 मीटर पुल व लोहाघाट वालिक गागर मोटर मार्ग में टकनागुरौ के लिए सड़क की प्रथम चरण की वित्तीय और प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान मिली है।

# विकसित भारत संकल्प भारत कार्यक्रम की तैयारी समय से पूर्ण करें



जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान की अध्यक्षता में आगामी 4 मार्च को प्रस्तावित विकसित भारत संकल्प यात्रा की तैयारी के संबंध में संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

जिलाधिकारी ने सभी उपजिलाधिकारी और खंड विकास अधिकारियों को विधानसभावार कार्यक्रम की तैयारियों को समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस दिन सभी कार्यक्रम स्थलों पर बहुउद्देशीय शिविर और लोगों की ओर से यदि कोई शिकायत प्राप्त होती है तो उसको सीएम हेल्पलाइन से कनेक्ट करते हुए उनका शीघ्रता से निस्तारण करवाएं। साथ ही लोगों को कार्यक्रम स्थल पर सरकार के विभिन्न विकास कार्यों तथा जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी प्रदान करें और इसका लाभ दिलवाने के लिए आवश्यक कार्यवाही भी पूर्ण करें।

इस दौरान वर्चुअल माध्यम से मुख्य कोषाधिकारी गिरीश चंद, जिला विकास अधिकारी मनविंदर कौर सहित संबंधित उपजिलाधिकारी, खंड विकास अधिकारी व संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक हो सामान्य जन सुविधाओं की पहुंच : धामी

जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को मुख्य सेवक सदन में एचडीएफसी बैंक के राजपुर गांव की 111वीं शाखा, युकाडा के विभिन्न सॉफ्टवेयर एवं चार-धामों में यात्रियों की सुविधा के लिए स्थापित एटीएम का वर्चुअल शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आत्मनिर्भर भारत का जो मंत्र दिया है, वह मंत्र तभी सार्थक हो सकता है जब हम समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक सामान्य जन सुविधाओं को पहुंचा सकें। उन्होंने कहा कि आज राज्य में वित्तीय समावेशन को एक आत्मनिर्भर राज्य के निर्माण की दिशा में प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने वित्तीय संस्थानों की सराहना करते हुये कहा कि राज्य में वित्तीय संस्थानों, विशेषकर बैंकों द्वारा ग्रामीण और अर्द्धशहरी क्षेत्रों पर ध्यान देने के प्रयास भी उत्साहजनक रहे हैं, लेकिन हमें इस क्षेत्र में बुनियादी स्तर पर कार्य करने की और अधिक आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य सरलीकरण,



समाधान, निस्तारीकरण और संतुष्टि के तहत सुदूर गांवों में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में एचडीएफसी बैंक की वर्तमान में कई शाखाएं संचालित हैं, जिसके माध्यम से प्रदेश के निवासियों को बेहतर बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिसमें एचडीएफसी बैंक लगातार सफल हो रहा है। यही नहीं एचडीएफसी बैंक पेपर लैस वर्क कल्चर को अधिक तरजीह देता है, जो डिजिटल तकनीक का विशिष्ट उदाहरण है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार का निरन्तर प्रयास और संकल्प है कि प्रदेश के हर कोने और अन्तिम व्यक्ति तक बैंकिंग सुविधाओं का लाभ पहुंचे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज पूरा देश जनधन खातों का महत्व देख व समझ रहा है तथा बैंक खातों की वजह से ही सरकारी योजनाओं का पैसा सीधे लाभार्थी के खाते में पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि आज दुनिया का आधा डिजिटल ट्रांजेक्शन भारत में हो रहा है, जिसमें हम तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने एचडीएफसी बैंक द्वारा सरकार को दिये जा रहे सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि बैंक द्वारा जहां केदारनाथ धाम के सौंदर्यीकरण के लिए धनराशि प्रदान की गई थी, वहीं जोशीमठ के सहायतार्थ भी आर्थिक मदद की गई। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार उत्तराखंड के विकास के लिए लोक केंद्रित पहल शुरू करने में सबसे आगे रही है तथा जब एचडीएफसी जैसे बैंक इन पहलों में सरकार का सहयोग करने के लिए आगे आते हैं, तो यह साझेदारी समाज के लिए अत्यंत लाभकारी होती है। उन्होंने कहा कि एचडीएफसी बैंक अथवा अन्य बैंक जहां आदर्श स्थिति में खड़े हो सकते हैं, वह आदर्श स्थान, देवभूमि उत्तराखण्ड ही है।

# प्रतिभावान एवं क्षमतावान अभ्यर्थी ही परीक्षाओं में हो रहे सफल : धामी

## सीएम ने 35 सहायक समाज कल्याण अधिकारियों और तीन छात्रावास अधीक्षकों को नियुक्ति पत्र दिये

जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास में अधीनस्थ सेवा चयन आयोग से समाज कल्याण विभाग में चयनित 35 सहायक समाज कल्याण अधिकारियों तथा 03 छात्रावास अधीक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने कड़ा नकल विरोधी कानून लाकर नकल माफियाओं पर अंकुश लगाने का काम किया है। नकल के अपराध में शामिल लोगों को जेल की सलाखों के पीछे भेजा है। अब राज्य में पूर्ण पारदर्शिता से परीक्षाएं हो रही हैं। योग्यता प्रतिभावान क्षमतावान अभ्यर्थी ही परीक्षाओं में सफल हो रहे हैं।




मुख्यमंत्री ने सभी नवनियुक्त अधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा निरंतर सरकारी रिक्त पड़े पदों पर भर्तियां करवाई जा रही है। जिसके फल स्वरूप नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम भी निरंतर चल रहे हैं। विभिन्न सरकारी विभागों में रिक्त पड़े पदों को भरने का अभियान जारी है। उन्होंने कहा कि कड़ी मेहनत, परिश्रम करने वाले आज सभी मेहनती युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने सभी नवनियुक्त अधिकारियों से जीवन में हमेशा अनुशासन रखे जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि स्वयं में अनुशासन रखकर हम आमजन को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से आच्छादित करवा सकते हैं। अपनी सेवाओं के दौरान अच्छे काम करके दिखाना है ताकि हम अपनी सेवाओं से अंत्योदय के सिद्धांत को पूर्ण कर सकें। इस दौरान सचिव बृजेश कुमार संत, प्रभारी निदेशक जीआर नौटियाल, उप निदेशक वासुदेव आर्य, मुख्य वित्त नियंत्रक कमलेश भंडारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी गोवर्धन सिंह सहायक निदेशक हेमलता पांडे एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

## ग्रामीणों का आरोप पर्यावरण नियमों को धता बताकर चल रहे क्रेशर एवं बैचिंग प्लांट

चमोली : हेलंग, डुंग्री बरोशी व सलूड डुंग्रा के ग्रामीणों ने 440 मेगावाट की विष्णुगाड पीपकोटी मायापुर जल विद्युत परियोजना के निर्माण पर पर्यावरणीय मानकों की अनदेखी का अरोप लगाया है।

जिलाधिकारी के माध्यम से मख्यमंत्री को 21 सूत्रीय मांग पत्र भेजते हुए कार्रवाई न होने पर आन्दोलन की चेतावनी दी गई है। आरोप लगाया कि कंपनी अपने सुरंग निर्माण व कटिंग से निकलने वाले मलबे को वन पंचायत की भूमि व बरसाती नालों में फैंक रही है। जिस कारण हरे भरे पेड़ एवं वनस्पतियां नष्ट हो रही है। कंपनी की अनियंत्रित ब्लास्टिंग के कारण गांव के दर्जनों आवासीय व कुछ सरकारी भवनों में मोटी मोटी दरारें आ गई है। ऐसे घरों में रहना खतरे से खाली नहीं है। (एजेंसी)

# लघु व्यापारियों ने लोनिवि के एई को घेरा

हरिद्वार। रेहड़ी पटरी लघु व्यापार एसोसिएशन ने देवपुरा चौक से लोक निर्माण विभाग कार्यालय तक रैली निकाल लोनिवि के खिलाफ प्रदर्शन किया। एसोसिएशन ने लोनिवि सहायक अभियंता गणेश दत्त जोशी का घेराव कर ज्ञापन भी सौंपा। शुक्रवार को एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष संजय चौपड़ा ने बताया की हरिद्वार में नियमानुसार चौथा वेंडिंग जोन सेक्टर दो बैरियर से भगत सिंह चौक तक स्थापित किया गया है। वेंडिंग जोन पर लोनिवि ने आपत्ति लगाई है।

विरोध में लघु व्यापार एसोसिएशन ने रैली निकाल कर नारेबाजी करते हुए एई जोशी का घेराव किया है। कहा कि उत्तराखंड सरकार के निर्देशन में नगरी फेरी नीति नियमावली के नियमानुसार नगर निगम प्रशासन द्वारा फेरी समिति का गठन किया हुआ है। लोनिवि द्वारा सेक्टर दो वेंडिंग जोन पर आपत्ति जताना उत्तराखंड शासन की नगरी फेरी नीति नियमावली का उल्लंघन है। लोनिवि को अपना पक्ष रखना है तो फेरी समिति की बैठक के दौरान न्याय पूर्ण तरीके से रखे। घेराव करने वालों में नम्रता सरकार, पूनम माखन, सुमन गुप्ता, संगीता चौहान, सीमा, राजकुमार, मनोज, पवन, मुकेश, जमीन अंसारी, आजम अंसारी, तस्लीम अहमद, सभापति सिंह, यश अरोरा, विजय, भोले शंकर, लालचंद, सचिन बिष्ट, चंदन रावत, प्रमोद गुप्ता, बालवीर आदि लघु व्यापारी शामिल रहे।

## 9 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

देहरादून। सचिव/वरिष्ठ सिविल जज, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, ने अवगत कराना है कि मा० उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में 09 मार्च 2024 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है, जिसमें फौजदारी के शमनीय वाद, धारा 138 एन.आई. एक्ट से सम्बन्धित वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर सम्बन्धित वाद, वैवाहिक/कुटुम्ब न्यायालयों के वाद (विवाह विच्छेद को छोड़कर), श्रम सम्बन्धित वाद, भूमि अर्जन के वाद, दीवानी वाद, राजस्व सम्बन्धित वाद, वेतन–भत्तों एवं सेवानिवृत्ति से सम्बन्धित वाद, धन वसूली से सम्बन्धित वाद, विद्युत एवं जलकर बिलों के मामले (अशमनीय मामलों को छोड़कर), अन्य ऐसे मामले जो सुलह–समझौते के आधार पर निस्तारित हो सके।

उन्होंने बताया कि जो पक्षकार अपने वादों को राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित करवाना चाहते है, वह सम्बंधित न्यायालय, जहाँ उनका मुकदमा लम्बित है, में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रार्थनापत्र देकर अपने वाद राष्ट्रीय लोक अदालत के लिये नियत करवा सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### अवैध शराब के साथ दो पकड़े

नई टिहरी : आबकारी विभाग ने लोक सभा चुनाव को देखते हुए अवैध रूप से शराब के संचय व विक्रय को प्रभावित करने के लिए कार्रवाई करते हुए एक कार से शराब सप्लाई करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है। साथ ही एक्साइज ऐक्ट में कार्रवाई सुनिश्चित की है। आबकारी निरीक्षक भरत प्रसाद ने बताया कि सलेटी रंग की एक कार में जनपद टिहरी डांग मल्लागांव के रहने वाले सुरेंद्र सिंह व प्रेम सिंह से शराब बरामद कर हिरासत में लेकर कार्रवाई सुनिश्चित की गई है। पूछताछ में बताया कि अवैध रूप से महंगे दामों पर शराब बेचने के लिए भंडारण के लिए ले जा रहे थे। (एजेंसी)

### अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार

नई टिहरी : आबकारी विभाग ने लोक सभा चुनाव को देखते हुए अवैध रूप से शराब के संचय व विक्रय को प्रभावित करने के लिए कार्रवाई करते हुए एक कार से शराब सप्लाई करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है। साथ ही एक्साइज ऐक्ट में कार्रवाई सुनिश्चित की है। आबकारी निरीक्षक भरत प्रसाद ने बताया कि सलेटी रंग की एक कार में जनपद टिहरी डांग मल्लागांव के रहने वाले सुरेंद्र सिंह व प्रेम सिंह से शराब बरामद कर हिरासत में लेकर कार्रवाई सुनिश्चित की गई है। पूछताछ में बताया कि अवैध रूप से महंगे दामों पर शराब बेचने के लिए भंडारण के लिए ले जा रहे थे। (एजेंसी)

### किशोरी को भगा ले जाने का आरोपी दबोचा

हरिद्वार। किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाने के आरोपी युवक को सिडकुल पुलिस ने गिरफ्तार कर किशोरी को बरामद कर लिया है। एसओ मनाहर सिंह भंडारी ने बताया कि क्षेत्र के रावली महदूद निवासी एक व्यक्ति ने अपनी नाबालिग बेटी को बहला फुसलाकर ले जाने के आरोप में शिकायत दर्ज कराई थी। मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को कोर्ट चौराहे के पास किशोरी के साथ दबोच लिया।

### रेलवे स्टेशन कैंपस से यात्री का मोबाइल फोन चोरी

हरिद्वार। रेलवे स्टेशन कैंपस में एक यात्री का मोबाइल फोन चोरी कर लिया गया। जीआरपी को दी गई शिकायत में भरत कुमार, निवासी नानकसर बस्ती जिला बरनाला ने बताया कि वह अपने परिजन की अस्थियां लेकर यहां आया था। अस्थियां विर्सजित करने के बाद वापस लौटते समय जब वह ट्रेन में सवार हो रहा था तो उसकी उसकी जेब से मोबाइल फोन चोरी कर लिया गया।

# दिव्यांग डोली-पालकी से पहुंचेंगे मतदान स्थल

चमोली : आगामी लोकसभा चुनाव में दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं को मतदान कराने के लिए पर्वतीय जिले चमोली में विशेष व्यवस्था की गई है। मतदान के दिन दिव्यांग मतदाताओं को मतदान बूथ तक पहुंचाने के लिए पालकी, डोली सहित सभी व्यवस्था होगी।

दिव्यांग मतदाताओं को पोलिंग बूथ तक पहुंचाने और मतदान के बाद उन्हें घर तक पहुंचाने के लिए वालिंटियर भी साथ में रहेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी हिमांशु खुराना ने शुक्रवार को लोकसभा चुनाव तैयारियों को लेकर बैठक ली। उन्होंने निर्देशित किया कि घर–घर जाकर दिव्यांग मतदाताओं का सर्वेक्षण करते हुए सक्षम एप पर उनका पंजीकरण कार्य शीघ्र पूरा किया जाए। दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाताओं को बूथ तक आने जाने के लिए वोलिएंटर की तैनाती सहित डोली, पालकी आदि जरूरी व्यवस्थाओं के लिए पूरा प्लान तैयार किया जाए। निर्वाचन ड्यूटी पर तैनात ऐसे अधिकारी-कर्मचारी जो उस स्थान पर मतदान नहीं कर सकते, जहां की मतदाता सूची में उनके नाम दर्ज हैं।

उन्हें डाक मतपत्र अथवा चुनाव ड्यूटी प्रमाण-पत्र-ईडीसी के माध्यम से मतदान की सुविधा दी जाएगी। इस दौरान सी-विजिल एप पर प्राप्त शिकायतों के त्वरित निस्तारण, जीपीएस ट्रैकिंग, मतदेय स्थलों पर मूलभूत सुविधाओं को बहाल करने और अवैध शराब की बिक्री रोकने के लिए सघन छापेमारी अभियान चलाने के निर्देश संबधित नोडल अधिकारियों को दिए गए।

## मजबूत लोकतंत्र के लिए मताधिकार का प्रयोग जरूरी : जंगली

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : विश्व प्रसिद्ध पर्यावरणविद जगत सिंह जंगली ने जनपद रुद्रप्रयाग सहित देश भर के मतदाताओं से आगामी लोकसभा चुनाव सामान्य निर्वाचन 2024 में अनिवार्य रूप से मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता कार्यक्रम (स्वीप) के जनपद आईकॉन जगत सिंह जंगली ने कहा कि यह 'चुनाव का पर्व, देश का गर्व' है। आगामी लोकसभा चुनाव सामान्य निर्वाचन में अपने-अपने बूतों पर जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करें। जिस प्रकार एक मजबूत पर्यावरण के लिए पौधा रोपण एवं उनका संरक्षण जरूरी है उसी प्रकार एक मजबूत लोकतंत्र के लिए हर एक मतदाता द्वारा अपने मताधिकार का

# 16 गढ़वाल राइफल ने मेहलचौंरी में मनाया 44वां स्थापना दिवस

चमोली : भारतीय सेना के 16वीं गढ़वाल राइफल के पूर्व सैनिकों एवं जेसीओ ने शुक्रवार को अपने रेजींमेंट का 44वां स्थापना दिवस मेहलचौंरी नामक स्थान पर बड़े धूमधाम से मनाया। मौके पर मुख्य अतिथि सूबेदार हरि सिंह नेगी के रेजीमेंट के इतिहास के बारे में बताते हुए कहा कि आज ही के दिन 16 गढ़वाल रेमीमेंट की स्थापना की गई थी। उन्होंने सेना के शहीदों को नमन कर रेजीमेंट के मोमेंटो पर पुष्प अर्पित किया। कहा कि गैरसैंण विस में 16 गढ़वाल राइफल के पूर्व जवानों एवं जेसीओ ने जो यह परंपरा प्रारंभ की है वह सराहनीय है।



इस अवसर पर पूर्व सैनिकों प्रकोष्ठ के जिला प्रतिनिधि डीएस नेगी, ब्लॉक सैनिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह नेगी, दान सिंह नेगी, कुंवर सिंह, मोहन सिंह, प्रेम सिंह, बागेन्द्र लाल, सुरेन्द्र सिंह, गंगा सिंह, खीम सिंह, बलवंत सिंह आदि कई पूर्व सैनिक, विरांगनाएं, प्रधान मेहलचौंरी बलवीर मेहरा, वन पंचायत सरपंच भरत नेगी, पूर्व व्यापार संघ अध्यक्ष मंगल रावत आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# जन कल्याणकारी योजनाओं से पात्र लाभार्थियों को शत प्रतिशत आच्छादित करें

चमोली : जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने शुक्रवार को वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रस्तावित विकास योजनाओं की प्रगति समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि चिन्हित गांवों में केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं से पात्र लाभार्थियों को शत प्रतिशत आच्छादित किया जाए।जिलाधिकारी ने कहा कि वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम में शामिल सीमावर्ती गांव सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है। उन्होंने रेखीय विभागों के समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि चिन्हित वाइब्रेंट विलेजों में प्रत्येक माह कम से कम एक गांव का भ्रमण करना सुनिश्चित करें और जो लाभार्थी छूट गए है उनको विभागीय योजनाओं से शत प्रतिशत आच्छादित किया जाए। जिलाधिकारी ने



कहा कि सभी रेखीय विभाग एक्टिविटी कैलेंडर तैयार करते हुए उपलब्ध कराए। स्व रोजगारपरक योजनाओं को एक साथ क्लब करते वाइब्रेंट विलेजों में शिविर लगाए जाए। इस दौरान जिलाधिकारी ने आयुष्मान भारत, पीएम पोषण, मिशन इन्द्रधनुष, अन्नपूर्णा, अंत्योदय अन्न योजना, जननी शिशु सुरक्षा कल्याण योजना, जननी सुरक्षा योजना, अटल पेंशन, अनुसूचित जनजाति छात्रवृत्ति योजना, पीएम किसान, मृदा कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम मुद्रा, उज्जवला, पीएम जनधन, पीएम सुरक्षा बीमा, राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य, सौभाग्य योजना सहित विभिन्न पेंशन योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने आगामी समय में वाइब्रेंट विलेजों में छात्र-छात्राओं की कैरियर काउंसलिंग, कृषि एवं उद्यान गोष्ठी एवं अन्य विभागीय गतिविधियों से ग्रामीणों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। बैठक में परियोजना निदेशक आनंद सिंह, एसीएमओ डॉ. वीवी सिंह, सीएओ वीपी मौर्य, मुख्य उद्यान अधिकारी तेजपाल सिंह, सीवीओ डॉ. प्रलयंकर नाथ, डीएसओ जसवंत कंडारी, डीपीओ संदीप कुमार सहित समस्त रेखीय विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। (एजेंसी)

## बीपीईएस की छात्राओं ने चंडी देवी मार्ग पर की ट्रेकिंग

हरिद्वार। गुरुकुल कांगड़ी समविश्वविद्यालय के कन्या गुरुकुल परिसर में शारीरिक शिक्षा बीपीईएस पाठ्यक्रम की 24 छात्राओं ने चंडी देवी मार्ग पर ट्रेकिंग कर शारीरिक क्षमता एवं कार्य कुशलता की बारिकियों को समझा।

कोऑर्डिनेटर प्रो. सुचित्रा मलिक ने कहा कि अनुभव व्यक्ति की पहली कसौटी है। जिसके आधार पर परिस्थितियों के साथ समन्वय बनाने में मदद मिलती है। छात्राओं के ट्रेकिंग दल को प्रातः साढ़े 6 बजे श्रद्धानंद चौक से प्रभारी, शारीरिक शिक्षा एवं खेल डॉ. अजय मलिक और डॉ. शिवकुमार चौहान ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

# तीस लाख की स्मैक के साथ दंपति समेत चार गिरफ्तार

हरिद्वार। स्मैक तस्करी के खिलाफ ज्वालापुर पुलिस और नाराकोटिक्स सेल ने बड़ी कार्रवाई की है। संयुक्त टीम ने बरेली से तस्करी कर लाई गई करीब तीस लाख की स्मैक बरामद करते हुए एक दंपति समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से तीन सौ ग्राम स्मैक और नगदी बरामद की गई है। लग्जरी कार से स्मैक की तस्करी की जा रही थी। एसएसपी ने पुलिस टीम को दस हजार रुपये नगद इनाम देने की घोषणा की है। कोतवाली ज्वालापुर कैंपस में शुक्रवार को एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने बताया कि सीएम पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन 2025 चलाया जा रहा है। मिशन के तहत सीओ ज्वालापुर शांतनु पाराशर की अगुवाई में एक पुलिस टीम गठित की गई थी। पुलिस टीम ने कार में तस्करी कर लाई जा रही स्मैक के साथ रईस उर्फ गोलू पुत्र सईद निवासी लादपुर खुर्द लक्सर और शहजाद उर्फ गुड्डी पुत्र फुरकान निवासी जबरदस्तपुर रुड़की को पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 308 ग्राम स्मैक, 14 हजार की नगदी और डिजिटल तराजू बरामद किया है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि स्मैक की डील हाल ही में जमानत पर छूटकर आए अभिषेक और उसकी पत्नी निवासी चोर गली सुभाषनगर को दी जानी थी।

# 25 लाख की काजल लकड़ी बरामद



उत्तरकाशी : प्रतिबंधित वन संपदा की तस्करी करने वाले तस्करों पर उत्तरकाशी पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। धरासू पुलिस ने नगुण बैरियर के पास चेकिंग अभियान के दौरान दो आरोपी को 246 नग काजल काठ की लकड़ी के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़ी गई वन संपदा की अंतर्राष्ट्रीय बाजार कीमत करीबन 25 लाख अधिक आंकी गई है। पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान नौशाद पुत्र अकबर 42 वर्ष निवासी कैलाश बिहार, सहारनपुर तथा देव बहादुर पुत्र डबला लामा उम्र 26 वर्ष तिब्बती कॉलोनी दून, मूल निवासी नेपाल को गिरफ्तार कर लकड़ी समेत वन विभाग के सुपुर्द किया है। (एजेंसी)

## चंबा के माणदा में 17.25 लाख से बनेगा कौशल विकास भवन

नई टिहरी : जनपद टिहरी गढ़वाल के विकासखण्ड चम्बा के माणदा गांव में ओएनजी के वित्तीय सहयोग से 17.25 लाख रुपये की लागत से कौशल विकास भवन का निर्माण कार्य भूमि पूजन के साथ ही शुरू हो गया है। भवन बनने से ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर स्वरोजगार प्रशिक्षण की सुविधा सुलभ होगी।

शुक्रवार को को माणदा में कार्यदायी संस्था समृद्ध मिशन सोसायटी ने ओएनजीसी सीएसआर मद से वित्त पोषित कौशल विकास भवन निर्माण कार्य का शुभारम्भ प्रमुख चम्बा शिवानी बिष्ट व ग्राम प्रधान भगवान सिंह बिष्ट ने भूमि पूजन के साथ ही शुरू किया। इस अवसर पर कार्यदायी संस्था के सचिव सुभाष चन्द्र सकलानी ने बताया कि ओएनजी के सहयोग से विगत कई वर्षों से इस प्रकार के कार्य संस्था समाजहित में करती आ रही है।

# यात्रा सीजन की तैयारियों में जुटा आपदा प्रबंधन

रुद्रप्रयाग : चारधाम यात्रा को लेकर आपदा प्रबंधन प्राधिकरण तैयारियों में जुट गया है। किसी तरह से कोई जन हानि न हो इसके लिए अनेक खामियों को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही संभावित किसी भी प्राकृतिक या सड़क दुर्घटना की स्थिति में त्वरित राहत बचाव के दौरान जन सुरक्षा के लिए बेहतर कार्य किया जाए, इसको प्राथमिकता दी जा रही है। आपदा प्रबंधन में सभी उपकरणों को बेहतर कर दिया गया है, जबकि कंट्रोल रूम में सूचनाओं के त्वरित आदान-प्रदान पर विशेष फोकस किया जा रहा है, ताकि किसी भी सूचना पर संबंधित की शीघ्र मदद की जा सके। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि जिला प्रशासन के निर्देशों पर आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने आगामी यात्रा सीजन और मानसून सत्र को लेकर होम वर्क शुरू कर दिया है। इसके लिए सभी तैयारियां की जा रही है ताकि यात्रा सीजन और मानसून में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने बताया कि एक ओर आपदा के सम्पूर्ण स्टाफ को हर समय अलर्ट पर रखा गया है वहीं स्कूल-कॉलेज में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों के साथ ही विभिन्न निर्माणदायी संस्थाओं में कार्य कर रहे कर्मचारियों, मजदूरों को आपदा न्यून करने के लिए प्रशिक्षण दिया गया है। प्राकृतिक दुर्घटना संभावित क्षेत्रों का अध्ययन किया जा रहा है, जबकि बड़ी परियोजनाओं के निर्माणाधीन क्षेत्रों में भी निगरानी की जा रही है ताकि किसी भी तरह की अप्रिय घटना न घट सके। आपदा कंट्रोल रूम को पूरी तरह चौबीसों घंटे बेहतर ढंग से संचालित किया जा रहा है। सूचनाओं के त्वरित आदान-प्रदान के लिए संबंधित कर्मियों को निर्देशित किया गया है। (एजेंसी)

## तलवाड़ी महाविद्यालय में कार्यशाला आयोजित

चमोली : राजकीय महाविद्यालय तलवाड़ी में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया एवं क्रिसिल लिमिटेड के सहयोग से साइबर एवं डिजीटल स्वच्छता, बैंकिंग जरूरत एवं बैंकिंग क्षेत्र की सामाजिक सुरक्षा योजना पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वित्तीय साक्षरता, बैंकिंग, साईबर सुरक्षा से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। मुख्य प्रशिक्षणकर्ता के रूप में फील्ड कार्डिनेटर हर्षपाल रावत उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में निर्वाचन साक्षरता क्लब के प्रभारी डॉ. ललित जोशी द्वारा सभी छात्र-छात्राओं को मतदाता शपथ दिलाई गई। इस कार्यकम में प्राचार्य डॉ. योगेन्द्र चन्द्र सिंह, डॉ. प्रतिभा आर्य, डॉ. ललित जोशी, अनुज कुमार, डॉ. पुष्पा रानी, मोहित उप्रेती, डॉ. संतोष पंत, भावना, हिमानी आदि मौजूद रहे।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382—222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com